


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-102 ● जबलपुर ● शुक्रवार, 14 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## खौफनाक तस्वीर



# बारिश से हटी बालू तो हर ओर दिखीं लाशें

## यूपी में उन्नाव के बक्सर घाट की तरह ही शिवराजपुर का खेरेश्वर घाट भी सैकड़ों लाशों से अटा पड़ा

**उन्नाव।** यहां के बक्सर घाट की तरह ही शिवराजपुर का खेरेश्वर घाट भी सैकड़ों लाशों से अटा पड़ा है। गंगा के बीच में और किनारे पर कई शव दफनाए गए। करीब तीन सौ मीटर के दायरे में जिधर भी निगाहें दौड़ाई गईं, शव ही शव नजर आए। शवों के ऊपर से बालू हटी तो मृतकों के परिजनों की बेबसी और मजबूरी सामने आ गई। बताया जा रहा है कि आसपास के ग्रामीण लकड़ी महंगी होने और आर्थिक तंगी के चलते सूखी गंगा में ही शव दफनाकर चले गए। घाट पर तो शवों का अंतिम संस्कार होता आया है लेकिन ग्रामीणों की मानें तो पहली बार गंगा किनारे और बीच में शवों को दफनाने का मामला सामने आया है। कोरोना काल में इतनी मौतें हुईं कि घाटों पर जगह कम पड़ गई। लंबे इंतजार और अनापशनाप खर्चे से बचने के लिए मजबूर व आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण चोरी छिपे यहीं पर अपनों के शव दफनाते रहे। एक दिन पहले हुई बारिश के बाद जब बालू बह गई तो ये शव नजर आने लगे। गुरुवार को इसकी खबर फैली तो मजमा लग गया। किसी शव का हाथ नजर आया तो किसी का पैर। कई शवों को तो कुत्तों ने नोंच-नोंचकर क्षतविक्षत कर दिया था। खबर फैली तो पुलिस अफसर भी पहुंचे।

### कदम-कदम पर लाशें

गशव गंगा में दफना दिए गए लेकिन पुलिस प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। गुरुवार को जब भनक लगी तो पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हर दो-तीन फीट की दूरी पर एक शव दफनाया गया। कहीं-कहीं तो पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

### अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं, तो शव दफनाए

ग्रामीणों ने बताया कि घाट पर लकड़ी आदि की व्यवस्था नहीं है। जहां देते भी हैं, बहुत महंगी देते हैं। एक शव के अंतिम संस्कार में पांच से सात हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। मजबूर और गरीबों के लिए ये रकम बड़ी है। इसलिए लोगों ने शव दफनाने शुरू कर दिए। पिछले एक महीने से शवों की संख्या बढ़ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक सैकड़ों शव यहां दफनाए गए हैं। बहुत से शव पानी के बहाव में बह गए।

## क्विक अपडेट



### जन्म दिलाने वालीं डॉक्टर का निधन, कांग्रेस महासचिव ने लिखा भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को जन्म दिलाने वालीं डॉक्टर का निधन हो गया। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 43 साल से सेवाएं दे रहीं डॉ एस के भंडारी स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की वरिष्ठ डॉक्टरों में से एक थीं। गुरुवार को प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी साझा करते हुए शोक व्यक्त किया।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि डॉ भंडारी का गुरुवार को निधन हो गया। उनके भाई और उनका जन्म इन्होंने ही करवाया था। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी के दोनों बच्चों ने डॉ भंडारी की देखरेख में जन्म लिया था। ।

### गोवा अस्पताल में फिर ऑक्सीजन कमी से 15 कोरोना मरीजों की मौत

**पणजी।** भारत में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच ऑक्सीजन किल्लत का संकट जारी है। गोवा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में बृहस्पतिवार के तड़के ऑक्सीजन के अभाव में और 15 कोरोना मरीजों की मौत हो गई। राज्य में कई दिनों से ऑक्सीजन कमी के चलते लोगों की मौत हो रही है। दो दिन पहले ही यहां 26 कोरोना मरीजों की ऑक्सीजन की कमी के कारण मौत हो गई थी। प्रशासन की लापरवाही उजागर हो रही है। सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट को यह जानकारी दी।

### एक ही परिवार के 27 सदस्यों को कोरोना

**ग्वालियर ।** कोरोना की दूसरी लहर में पहली बार एक ही परिवार के 27 सदस्य संक्रमित पाए गए। जिसमें 17 माह की बच्ची से लेकर 105 वर्ष के दादाजी कोरोना की चपेट में आ गए। 27 लोगों में 8 बच्चे भी संक्रमण के शिकार बने। यह पहला मौका है जब इतनी संख्या में एक ही परिवार के सदस्य कोरोना की चपेट में आए हों। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुर्स्वार को भेलाखुर्द गांव में करीब ढाई सौ लोगों की सैंपलिंग कराई, जिसमें गांव के सरपंच व बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सहित उनके परिवार के ही 27 सदस्य संक्रमित पाए गए।

## संकट के बीच अच्छी खबर

# 6 राज्यों में कोरोना पीक खत्म होने का दावा



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के केस में कुछ कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रायल द्वारा जारी बीते 24 घंटों के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कोरोना के 3,43,144 नए केस सामने आए हैं, जो पिछले दिनों के मामलों से कम है। इस दौरान 3,44,776 मरीज ठीक हुए हैं जबकि 4,000 की जान गई है। इस तरह देश में कोरोना मरीजों का कुल आंकड़ा 2,40,46,809 हो गया है जिनमें से 2,00,79,599 मरीज इस महामारी को मात दे चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 2,62,317 पहुंच गया है जबकि 37,04,893 एक्टिव केस हैं। टीकाकरण भी जारी है। अब तक देश में 17,92,98,584 लोगों को टीका लग चुका है। ताजा खबर यह है कि महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश में नए केस कम हुए हैं। साथ ही दावा किया जा रहा है कि देश के छह राज्यों, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और दिल्ली में कोरोना संक्रमण अपना पीक हासिल कर चुका है। यानी अब यहां केस कम होना शुरू हो जाएंगे। कोरोना महामारी से दुनिया में सबसे बदतर हालात का सामना कर रहे भारत के लिए यह बहुत अच्छी खबर है। महाराष्ट्र से ताजा खबर है कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए लगाई गई सख्त पाबंदियों का असर दिखने लगा है। मामले कम हो रहे हैं।

# कांग्रेस नेता ने खरीदे थे 66 इंजेक्शन

## नकली रेमडेसिविर सप्लाई मामला कई डॉक्टर भी पुलिस की राडार पर

**इंदौर।** नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन के मामले में विजय नगर थाना पुलिस ने बीना निवासी प्रशांत पाराशर को गिरफ्तार कर लिया है। वह सुनील मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद भोपाल में रहने वाले भाई के घर छिपा हुआ था। आरोपित सागर में युवक कांग्रेस का पदाधिकारी है और पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी भी कर रहा है। इसने सूरत में गिरफ्तार दलाल सुनील मिश्रा से 66 इंजेक्शन खरीदना कुबूला है। प्रशांत ने आठ वायल बेतवा नदी में बहा दिए थे।

आइजी हरिनारायणाचारी मिश्र के मुताबिक, गुजरात और इंदौर पुलिस की संयुक्त पूछताछ में सुनील मिश्रा ने बताया कि भीम वार्ड बीना निवासी प्रशांत पुत्र श्रीराम पाराशर भी उससे 100 इंजेक्शन लेकर गया था। पुलिस प्रशांत की तलाश में बीना पहुंची लेकिन वह मोबाइल बंद कर कोलार (भोपाल) में रहने वाले भाई के घर में छिप गया। बुधवार रात




टीआइ तहजीब काजी, आरक्षक भरत बड़े और कुलदीप ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में प्रशांत ने बताया कि बंगाल विधानसभा चुनाव से लौटने के बाद उसका इंटरनेट मीडिया के माध्यम से सुनील मिश्रा से संपर्क हुआ और उसने 66 इंजेक्शन खरीद लिए। 58 इंजेक्शन ज्यादा दामों में कोरोना संक्रमितों को बेच दिए। 26 अप्रैल को अचानक मिश्रा का काल आया और कहा कि इंजेक्शन लगाने में कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। उसके शक जताने पर प्रशांत घबरा गया और आठ इंजेक्शन बेतवा नदी में बहा दिए। एसपी (पूर्वी) आशुतोष बागरी के मुताबिक, पुलिस प्रशांत से पूछताछ कर रही है। उसकी काल डिटेल निकालकर इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि उसने किस-किस को नकली इंजेक्शन की आपूर्ति की है।

### डाक्टर ने एक परिवार को 40 इंजेक्शन बेचे, तीन की मौत

विजय नगर थाना टीआइ तहजीब काजी के मुताबिक, आरोपित डाक्टर सरवर पुत्र मूसा खान निवासी सुभाष मार्ग सांवेर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। उसने पूछताछ में बताया कि दवा व्यवसायी गोविंद गुप्ता से 50 नकली इंजेक्शन खरीदे थे। ये सभी इंजेक्शन पटेल परिवार को बेच दिए थे। बाद में उनके तीन सदस्यों की मौत हो गई। उन्होंने 10 इंजेक्शन लौटा दिए थे जिन्हें अशरद, हैदर और वसीम को बेच दिए। तीनों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

### दो महिलाओं को ब्लैक फंगस

ग्वालियर में कोरोना को हरा चुके मरीजों में ब्लैक फंगस की शिकायत सामने आ रही है। कोरोना हरा चुकी दो महिला मरीजों में ब्लैक फंगस की शिकायत गुरुवार को पाई गई। एक महिला मरीज के जबड़े का आपरेशन कर वह हिस्सा निकाल दिया गया, जहां पर फंगस का संक्रमण था। जबकि दूसरी मरीज का आपरेशन आज किया जाएगा।

## भोपाल में कोरोना संक्रमित से दुष्कर्म मामला

# पुलिस-अस्पताल आमने-सामने

**भोपाल।** में कोरोना संक्रमित महिला से दुष्कर्म के बाद मौत का मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को एक महीने तक दबा कर रखा गया। अब इस पूरे मामले पर भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) और पुलिस प्रशासन के बीच खींचतान शुरू है। बीएमएचआरसी का कहना कि महिला के साथ दुष्कर्म नहीं, बल्कि छेड़छाड़ हुई थी। महिला ने अपने परिवार को घटना की जानकारी नहीं देने की बात कही थी, इसलिए परिजनों को सूचना नहीं दी गई। वहीं निशातपुरा पुलिस के टीआई महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घटना के दो दिन बाद पुलिस की टीम महिला के बयान लेने




अस्पताल पहुंची, लेकिन उनकी तबीयत खराब होने का हवाला देकर अस्पताल प्रबंधन ने महिला का बयान लेने से रोक दिया। पुलिस ने अस्पताल से पत्र लिखकर महिला के परिवार की जानकारी मांगी, लेकिन अस्पताल ने उसका जो पता दिया, वहां गलत थी। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि संक्रमित महिला का जो पता रिकॉर्ड में दर्ज था, वही पुलिस को दिया गया। वहीं इस मामले में गैस पीड़ित संगठन भी कूद गए हैं। अस्पताल से सवाल किया है कि महिला वार्ड में पुरुष क्या कर रहा था? हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की संयोजिका साधना प्रधान ने कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े किए हैं। मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म मामले में डीआईजी भोपाल से 10 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। हादसे के बाद महिला की मौत हो जाने और पुलिस और अस्पताल की ओर से महिला के परिवार वालों को जानकारी नहीं देने को गंभीरता से लेते हुए मामले में स्वत: संज्ञान लिया है।



### एमपी के सभी पत्रकारों का इलाज करायेगी शिवराज सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मीडिया के साथियों का कोरोना का इलाज राज्य सरकार कराएगी। मीडिया के प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल के सभी सदस्य अधिमान्य और गैर अधिमान्य साथियों का कोरोना के इलाज की चिंता सरकार करेगी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल के संपादकीय विभाग में कार्य कर रहे सभी पत्रकार, डेस्क में पदस्थ पत्रकार साथी, कैमरामैन, फोटोग्राफर सभी को कव्हर किया जाएगा।

# किसानों के खातों में 2000 रुपये

## पीएम मोदी ने दी किसान सम्मान निधि

**नई दिल्ली ।** भारत के किसानों की समस्या किसी से छुपी नहीं है। सरकार किसानों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कोरोना काल में लगभग हर किसी की आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन्हीं में से एक सरकारी योजना के तहत आज सरकार ने किसानों के बैंक खातों में 2000 रुपये डाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए




प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत वित्तीय लाभ की आठवीं किस्त जारी कर दी है। कोरोना काल में यह किसानों के लिए राहत भरी खबर है। इससे 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ 9.5 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को हुआ। मालूम हो कि इस योजना के तहत हर चार महीने पर 2,000 - 2,000 रुपये की तीन किस्त दी जाती हैं। यह धनराशि डीबीटी माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे जमा कराई जाती है।

# रद्द हो सकती है 12वीं की बोर्ड परीक्षा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बारहवीं कक्षा की परीक्षा को रद्द कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिक्षा मंत्रालय




कोरोना वायरस की वजह से पैदा हुई वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर रहा है और बोर्ड परीक्षा को रद्द करने पर विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि सीबीएसई द्वारा अगले दो सप्ताह के भीतर बोर्ड परीक्षा रद्द करने की घोषणा की जा सकती है। इसे लेकर समीक्षा की जा रही है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा कि बारहवीं कक्षा की परीक्षा के रद्द होने की संभावना है। उनका कहना है कि कोरोना की वजह से पैदा हुई वर्तमान स्थिति को देखते हुए परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने की संभावना है। सीबीएसई स्थिति की समीक्षा करेगा और संभवतः बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक वैकल्पिक मूल्यांकन योजना तैयार की जाएगी।

### खुराकों के बीच 12-18 हफ्ते के अंतर सही- अमेरिकी डाक्टर




**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य चिकित्सक सलाहकार डॉक्टर फाउची ने कोविशील्ड वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक के बीच 12 से 18 हफ्ते के अंतर को जायज ठहराया है। एक इंटरव्यू में डॉ. फाउची ने कहा कि अगर वैक्सीन की कमी है और ज्यादा से ज्यादा से लोगों को वैक्सीन लगानी है तो यह तरीका जायज है। अमेरिकी डॉक्टर ने कहा कि भारत को वैक्सीनेशन अभियान तेज करने के लिए दूसरे देशो और कंपनियों के साथ सहयोग करना चाहिए।

# चित्रकूट जिला जेल में बंदियों के बीच फायरिंग, एक की मौत, पुलिस ने कार्रवाई में दूसरे को मारी गोली

**चित्रकूट ।** चित्रकूट जिला जेल रगौली में बंदी अंशुल दीक्षित ने फायरिंग कर मेराजुद्दीन और मुकीम काला की हत्या कर दी। मुकीम काला पश्चिम उत्तर प्रदेश का बड़ा बदमाश था। वहीं पुलिस कार्रवाई में अंशुल दीक्षित भी मारा गया। जेल के अंदर फायरिंग से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार मृतक बंदी कुछ दिनों पूर्व बाहरी जेल से यहां शिफ्ट हुआ था। जिले के आला अफसर मौके पर मौजूद हैं। आईजी के




सत्यनारायण, डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अंकित मित्तल, जेल अधीक्षक श्री प्रकाश त्रिपाठी समेत भारी फोर्स मौके पर मौजूद है। बता दें कि मुकीम पर हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण, फिरौती जैसे 35 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। कभी चिनाई मिस्त्री रहे मुकीम की गिनती हार्डकोर क्रिमिनल के रूप में होती थी। वहीं मुकीम काला को मारने वाले अंशुल दीक्षित को यूपी एसटीएफ ने गोरखपुर जिले के गोरखनाथ थानाक्षेत्र से 2014 में गिरफ्तार किया था।




# ब्लैक फंगस अब तक कई राज्यों में फैली बीमारी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के साथ-साथ म्यूकोरमाइकोसिस का खतरा भी अब बढ़ता जा रहा है। देश के 10 राज्यों में म्यूकोरमाइकोसिस यानी ब्लैक फंगस के मामले देखने को मिल रहे हैं। इस बीमारी के तहत मरीज की आंख की रोशनी जाने और जबड़े और नाक की हड्डी गलने का खतरा रहता है। ये इतनी गंभीर बीमारी है इसमें सीधे मरीज को आईसीयू में भर्ती करना पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि देश के किन राज्यों में इस बीमारी के मामले सामने आए हैं...

1. **गुजरात** गुजरात में म्यूकोरमाइकोसिस के सबसे ज्यादा मामले देखने को मिल रहे हैं। स्थिति इतनी खराब है कि राज्य सरकार ने इसके लिए अलग से वार्ड बनाने तैयार कर दिए हैं। यहां अबतक 100 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। इनमें से कई मरीजों की आंख की रोशनी तक जा चुकी है।



2. **महाराष्ट्र** कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र में ब्लैक फंगस के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि राज्य में अबतक दो हजार से ज्यादा म्यूकोरमाइकोसिस के मामले सामने आ चुके हैं।

3. **राजस्थान** राजस्थान में भी ब्लैक फंगस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां जयपुर में 14 से ज्यादा मामले आ चुके हैं और कई मरीजों ने अपनी आंख की रोशनी तक खो दी है।

4. **मध्यप्रदेश** मध्यप्रदेश में भी म्यूकोरमाइकोसिस के मामले देखने को मिले हैं। इस बीमारी से अबतक यहां दो लोगों की जान चली गई है। राज्य में इसके 50 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

5. **तेलंगाना** हैदराबाद में भी ब्लैक फंगस के 60 के करीब मामले सामने आ चुके हैं। यहां हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से लगभग 50 मामले एक महीने के अंदर जुबली हिल्स स्थित अपोला अस्पताल में सामने आए हैं।

### कोरोना से मात खा गई लव यू जिंदगी पर झूमने वाली लड़की, आखिरी पलों में यूं दिखाई थी हिम्मत



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों हॉस्पिटल में ऑक्सीजन सपोर्ट पर बैठी एक लड़की का वीडियो खूब वायरल हो रहा था। वीडियो में कोरोना वायरस जैसी घातक बीमारी से पीड़ित वह लड़की 'लव यू जिंदगी' गाने पर झूमती नजर आ रही थी। यह वीडियो इसी वजह से वायरल भी हुआ था कि गाने पर झूमती लड़की से लोगों को जिंदादिल रहने व कठिन परिस्थिति में भी उम्मीद न हारने की प्रेरणा मिल रही थी, लेकिन दुख की बात यह है कि मौत ने इस लड़की की जीने की उम्मीद छीन ली। कोरोना के आगे वह बेबस हो गई और दुनिया को छोड़ कर चली गई। इस लड़की का वीडियो 8 मई को ट्वटिर पर डॉ. मोनिका लांगेह ने शेयर किया था। डॉक्टर के अनुसार वीडियो में दिख रही इस लड़की को अस्पताल में आईसीयू बेड नहीं मिल पाया था, इसलिए उसे कोविड इमरजेंसी वार्ड में एडमिट किया गया था।



# घर-घर ईद की खुशियां

## घरों में समाजजन ने पढ़ी नमाज, ईदगाह, मस्जिद रहे सून

**जबलपुर,यशभारत। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण जारी कोरोना कर्फ्यू में ईद उल फितर का त्योहार सादगी के साथ मनाया जा रहा है। लोगों ने ईद की नमाज घरों में पढ़ी। ईदगाह पर नमाजियों की जगह पुलिस तैनात रही। मस्जिदों के बाहर भी सन्नाटा रहा। ईदगाह पर कोविड प्रोटोकॉल के तहत सोशल डिस्टेंस के साथ नमाज अदा की गई।**

खुदा से विश्व में फैली महामारी के संक्रमण को खत्म करने, मुल्क की सलामती और खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस दौरान कुछ लोग आपस में गले मिले तो किसी ने दूर से ही हाथ जोड़कर मुबारकबाद दी। ईद पर यह लगातार दूसरा मौका है जब ईदगाह पर सामूहिक ने नमाज नहीं पढ़ी गई। सुरक्षा की दृष्टि से सुबह से यहां पुलिस कर्मी तैनात तैनात रहे। पिछले साल भी लॉकडाउन की वजह से ईद की नमाज घरों में ही अदा की गई। इस वर्ष भी जारी कोरोना कर्फ्यू के कारण सामूहिक विशेष नमाज का आयोजन नहीं हो पाया। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए चल रहे लॉकडाउन के कारण इस साल भी ईद मनाने का स्वरूप बदला सा दिखा। ईदगाह पर सुबह मुफ्तिए आजम मप्र मौलाना हामिद अहमद सिद्दकी ने सुबह सीमित लोगों के साथ ईदुल फित्र की नमाज नमाज अता फरमाई और ईद मुबारकबाद दी। बाकी लोगों घरों पर ही सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करके ईद की नमाज पढ़ी। अल्लाह से कोरोना मुक्ति की दुआ मांगी। घर-घर ईद की खुशियां तो दिखी। लोग कोरोना के चलते गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई नहीं दी। इंटरनेट मीडिया व फोन से ईद की बधाई दें रहे हैं घरों पर रिश्तेदार व परिचितों को नहीं बुलाएंगे। वहीं मुस्लिम समाज के सामाजिक व धामिक संगठनों से जुड़े लोग शहर के अलग-अलग इलाकों व अस्पतालों में जरूरतमंदों को सिवाइयों की खीर वितरित की।

**देश की तरक्की व खुशहाली की मांगी दुआ**

## ऐ रब मेरे मुल्क को कोरोना से निजात दिला



### 8वर्षीय इरहमा ने आस्था से रखे पूरे माह रोजे

जबलपुर यशभारत ।विश्व में कोरोना को लेकर सब ओर लोग परेशान हैं ।दवा से लेकर अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार ईश्वर से अच्छे भले की खैर मांग रहे हैं ।उसी दौर रमजान माह के दौरान8वर्षीय इरहमा ने भी मुल्क की कोरोना से सलामती के लिए पूरे30 दिन के रोजे रख कर इबादत मे मालिक से यही मिन्नत की कि ए रब मेरे मुल्क को कोरोना से जल्द से जल्द निजात दिला दे ।जी आई एफ मे कार्यरत नादिर खान की बेटी इरहमा शुरू से ही ईश्वर के प्रति श्रद्धावान रही ।पिछले वर्ष भी उसने पूरे माह रोजे रखे थे ।अपनी ब?ी बहन को रोजे से देख उसके छोटे भाई नोमान ने भी कुछ दिन रोजे रखे। बहरहाल आज सुबह इरहमा बड़ी खुश थी कि उसके रोजे पूरे हो गए ।उसे पक्का यकीन है कि अल्ला ताला जल्द ही मेरे मुल्क को कोरोना से निजात बख्श देंगे।

# अक्षय तृतीया का अक्षय मुहूर्त पर शादी विवाह कार्यक्रमों पर प्रतिबंध

**जबलपुर,यशभारत।** अक्षय तृतीया का अक्षय मुहूर्त आज है। बावजूद इसके शहर में शहनाई और बैंड नहीं बजेंगे। प्रशासन द्वारा विवाह कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण अधिकांश लोगों ने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। वहीं कुछ लोग घर में ही परिजन की मौजूदगी में विवाह कार्यक्रम करेंगे। जिन पर पुलिस पैनी नजर रख रही है ।अक्षय तृतीया के दिन अबूझ मुहूर्त होता है। इसलिए इस दिन लोग वैवाहिक कार्यक्रम करते हैं। इसी दिन त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। भगवान नारायण के छठवें अवतार भगवान पशुराम का जन्म हुआ था। लक्ष्मीनारायण जी की पूजा विशेष होती है। पितरों के लिए विशेष घट भरकर पूजा भी करते हैं। बारिश का अनुमान लगता है। हिंदू धर्म में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। कुछ जगहों पर इसे आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया का पर्व साल में आने वाले 4 अबूझ मुहूर्तों में से एक है। इसके अलावा देवउठनी ग्यारस, वसंत पंचमी और भड़ली नवमी को भी अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया का पर्व आज 14 मई को है। अक्षय तृतीया के दिन किए गए सभी काम अक्षय होते हैं। इसका मतलब है कि इस तिथि पर किए गए दान-धर्म से मिलने वाले पुण्य का कभी नाश नहीं होता। इसी वजह से इसे सनातन धर्म में दान-धर्म का अचूक काल माना गया है। 8 चिरंजीवियों में एक भगवान परशुराम का जन्म भी इसी दिन हुआ था। इसलिए इसे चिरंजीवी तिथि भी कहते हैं।

### मई और जून में विवाह के मुहूर्त

14 मई को अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम प्रतिबंधित किए जाने के कारण शुक्रवार को शादियां नहीं होंगी। 19 मई से 24, 26 और 30 मई, जून में 3, 4, 5, 11, 15 जून से 26 तारीख तक मुहूर्त हैं। जुलाई में 1,2,6,7,12,13,14,15,16 को वैवाहिक मुहूर्त है।

# अक्षय तृतीया में अनोखी शादी, गुड़िया के घर पहुंचेगी बारात

## मंडप, हल्दी चीकट के बाद आज फेरे

**जबलपुर। अक्षय तृतीया को हिन्दू सभ्यता के अनुसार विवाह के लिए शुभ दिन मानकर गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है। इस पर्व को अक्ती पर्व के नाम से जाना जाता है। मिटटी से बने गुड्डा-गुड्डी का विवाह करने की परंपरा है जो अब खत्म होने को हैं पर कुछ लोग इसे अब भी निभा रहे हैं।**

वहीं शादी के बंधन से अंजान बच्चे पूरे रिति रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का पारम्परिक ब्याह रचा रहे हैं। कई परिवारों में बच्चों के साथ माता-पिता भी गुड्डे-गुड्डे के विवाह की रश्मे उसी तरह संपन्न कराएगे। जैसे वास्तव में विवाह हो रहा हो। ऐसा ही एक विवाह चेरीताल न्यू कालौनी में किया जा रहा है। जहां बच्चों ने इस विवाह के रस्म में पेड़ों की डालियों को मंडप बनाकर काल्पनिक गुड्डे-गुड्डी को शादी के बंधन में बांधन को लेकर उत्साहित हैं।

### तेल-हल्दी चढ़ाने की रस्म

तनु ठाकुर, पलक,महक ,गंगा ने बताया कि हमने आम पत्ता, डूमर पेड़ के पत्तों से मंडपाच्छादन यानी मंडप सजाया ।इसके बाद गुड्डा-गुड़िया को तेल, हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। देवगणों को न्योता भी दिया है। माथे पर हल्दी तिलक यानी चिकट हरदाही की रस्म निभाई गई। इसके बाद आज मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे, कन्यादान, समधी-समधन भेंट, विदाई आदि रस्मों को पूरा किया जाएगा।





# तेज गर्मी से मिली फिलहाल राहत

**जबलपुर,यशभारत।** मौसम में लगातार बदलाव के कारण तेज गर्मी से मिली फिलहाल राहत है गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री था । मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी ऐसा ही मौसम रहेगा। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। जो सामान्य से 2 डिसे कम था। शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे तापमान 39.2 डिग्री रहा था। सुबह को आद्रता 46 प्रतिशत रही ।आमतौर पर मई में तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुंचता है पर वह अभी 37 से 38 के बीच ही झूल रहा है। आप इसे राहत मान सकते हैं । हालांकि मौसम वैज्ञानिक अभी तापमान बढ़ने की बात से इंकार नहीं करते हैं। उनकी मानें तो 20 मई के बाद तेज गर्मी हो सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में *पश्चिमी विक्षोभ* मध्योपरी क्षोभमंडल की पछुवा पवनों के बीच एक ट्रफ के रूप में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर धुरी बनाते हुए 74 डिग्री पूर्व देशांतर के सहारे 28 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में सक्रिय है। वहीं मध्य पाकिस्तान तथा बुंदेलखंड और दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हैं, जिससे होकर पूर्व-पश्चिम ट्रफ लाइन झारखंड-असम तक और उत्तर-दक्षिण ट्रफ लाइन विदर्भ-तेलंगाना तक गुजर रही हैं। साथ ही दक्षिण-पूर्वी अरब सागर/ लक्षद्वीप क्षेत्र में निम्न दाब क्षेत्र विकसित हो चुका है, जिसके 15 मई को डिप्रेशन और 16 मई को चक्रवातीय तूफान (ताऊ-ते) में प्रभावशाली होने की प्रबल संभावना है और 18 मई को गुजरात तट पर पहुंचने की संभावना है।

### 25 मई से 2 जून तक नौतपा

इस बार नौतपा में शहर में मौसम मिलाजुला रहने के आसार हैं। 25 मई से 2 जून तक नौतपा रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस दौरान शुरुआती 4-5 दिन तपिश ज्यादा रहेगी, लेकिन बाद में मौसम के तेवर नरम पड़ सकते हैं। इस दौरान बारिश के आसार भी बनेंगे। ट्रेंड के अनुसार इस बार 25 मई से 2 जून तक शुरुआत में तापमान ज्यादा रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम बदलने के कारण तापमान में कमी आ सकती है। आचार्य पं. रत्नेश शास्त्री भी कहते हैं नौतपा की शुरुआत स्वाति नक्षत्र से होगी और यह शतभिषा नक्षत्र में समाप्त होगा। गौरतलब है मौसम विज्ञान में नौतपा का कोई कोई उल्लेख नहीं है।

# नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक कोरोना वारियर बन लोगों को कर रहे जागरूक

जबलपुर । नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में नियुक्त युवा स्वयंसेवक एवं युवा मण्डल व माहिला मण्डल के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। दीवार लेखन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से निंरतर ग्रामीण स्तर के लोगों को कोरोना वायरस बचाव के लिए जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु आरोग्य सेतु डाउनलोड करवाकर कोरोना वायरस से बचाव की जानकारी दी जा रही है। अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र जबलपुर के स्वयंसेवक भी समस्त सात विकासखंडों में कोविड-19 टीकाकरण के प्रति ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को जागरूक कर रहे हैं एवं कोरोना किट का वितरण कर रहे हैं। उन्हें टीके के प्रति फैली भ्रांतियों को दूरकर समझाया जा रहा की टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं प्रभावशाली है। च्दवाई भी-सफाई भी-कड़ाई भीज्ज के मूलमंत्र के साथ लोगों को मास्क का प्रयोग करने, घर से बाहर कम से कम निकलने, सामाजिक दूरी अपनाने एवं प्रशासन द्वारा दिए हुए निर्देशों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी प्रतीक सिन्हा एवं कार्यक्रम सहायक अतुल पाण्डे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## परिस्थितियां सामान्य होते ही शुरू होंगी खेल गतिविधियां

# टैलेंट सर्च से चुने जांएगे प्रतिभावान खिलाड़ी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में स्थिति सामान्य होने पर खेल गतिविधियां प्रारंभ की जाएगी। जबलपुर सहित सभी जिलों में टैलेंट सर्च के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने टैलेंट सर्च के लिए सभी आवश्यक तैयारी प्रारंभ करने के खेल अधिकारियों को निर्देश दिए। संचालक पवन जैन ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिला खेल अधिकारियों से रूबरू हुए और खेल गतिविधियों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक जिला खेल अधिकारी से चर्चा कर कोविड-19 संक्रमण से प्रभावित अधिकारी, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों की कुशलक्षेम पूछी और हौसला अफजाई कर उनका मनोबल बढ़ाया। वर्चुअल मीटिंग में संयुक्त संचालक डॉ. विनोद प्रधान और बीएस यादव ने भी जिला खेल अधिकारियों से विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। खेल संचालकने जिला खेल अधिकारियों से चर्चा कर उनके जिलों में प्रचलित खेलों और प्रतिभावान खिलाड़ियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी

जिला खेल अधिकारियों से कोरोना संक्रमण से प्रभावित अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कुशल क्षेम पूछकर उनकी हौसला अफजाई की। पवन जैन ने कहा कि वैक्सीनेशन और कोविड-19 प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन कर हम इस महामारी को शिकस्त दे सकते हैं। कोरोना काल से सबक लेकर लोगों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अस्वस्थ होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। कोरोना पॉजिटिव होने पर घबराएं नहीं बल्कि इसका उपचार कराएं ।बीमारी को शिकस्त देने के लिए अपना मनोबल बनाए रखें।

### अधिकारी फील्ड विजिट करें

खेल संचालक श्री जैन ने जिला खेल अधिकारियों से कहा कि वे खेल विभाग द्वारा निर्मित समस्त खेल सुविधाओं का प्रॉपर मेंटेनेंस सुनिश्चित करें। खेल अधोसंरचनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए फील्ड विजिट करें ।

### एनपीएस की कटौती की जाय

खेल संचालक पवन जैन ने कर्मचारियों के ईपीएफ (एम्पलाई प्रोविडेंट फंड) के स्थान पर एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम) की कटौती करने के संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश का उल्लेख करते हुए सभी कर्मचारियों के एनपीएस की कटौती करने के जिला खेल अधिकारियों को निर्देश दिए।

# निजी अस्पताल को कलेक्टर की दो टूक

## आयुष्मान कार्ड से नहीं करेंगे इलाज, तो अनुमति निरस्त

**जबलपुर** ।कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने गुरुवार को जिला अस्पताल पहुंचकर आयुष्मान कार्डधारी कोरोना पीड़ितों को निजी में उपचार के लिये भर्ती कराने की दिशा में अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा की और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को दिये। श्री शर्मा ने इस दौरान स्वास्थ अधिकारियों से कहा कि जो भी निजी अस्पताल आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति को भर्ती करने से मना करता है कोविड मरीजों के उपचार की उसे दी गई अनुमति को तत्काल निरस्त कर दिया जाये ।कलेक्टर ने इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के लिये जिला अस्पताल में बनाये गये विशेष सेल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपचार के लिये भर्ती आयुष्मान कार्डधारी कोरोना मरीजों के आयुष्मान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया देखी। श्री शर्मा ने ऐसे प्रत्येक पात्र व्यक्ति जिसका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है निजी अस्पतालों में उपचार के लिये भर्ती होने पर तत्काल उसका आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्डधारी कोरोना मरीजों को निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार दिलाने के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह के निर्देशों पर प्रभावी अमल के लिए ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना में रजिस्टर्ड कराने की हिदायत भी अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तो भी उसके परिवार के अन्य सदस्यों के आयुष्मान कार्ड के आधार पर उपचार के लिए भर्ती कराया जाये। भर्ती होने के बाद चौबीस घंटे के भीतर उसका आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। आयुष्मान कार्डधारी कोरोना मरीजों को निःशुल्क उपचार दिलाने की दिशा में हुई प्रगति का जायजा लेने जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर श्री शर्मा को बताया गया पिछले तीन दिनों में 127 से अधिक आयुष्मान कार्डधारी कोरोना मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है ।



### मेडीकल कॉलेज में भर्ती सभी पात्र कोरोना मरीजों का भी शीघ्र करायें आयुष्मान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन-

जिला अस्पताल के बाद कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा मेडीकल कॉलेज पहुंचे और वहां भी कोरोना के उपचार के लिए भर्ती मरीजों में से आयुष्मान भारत योजना के पात्र मरीजों को चिन्हित कर आयुष्मान पोर्टल पर उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और अथराईजेशन कराने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने इस मौके पर मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार के साथ अस्पताल में कोरोना मरीजों के रजिस्ट्रेशन के लिए बनाये गये कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया ।कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से सीधा संवाद किया तथा आयुष्मान योजना के तहत पात्र कोरोना मरीजों को चिन्हित करने एवं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में आ रही कठिनाईयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इन कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें सभी पात्र व्यक्तियों की आयुष्मान भारत योजना के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिये।





## मेट्रो प्राइम सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल का अभिनव प्रयास

# ग्लोबल में ड्राइव इन वेक्सीनेशन

**जबलपुर, यश भारत। कोरोना संक्रमण की चैन तोड़ने इस समय वेक्सीनेशन का काम हर तरफ किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेट्रो प्राइम सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए ड्राइव इन वैक्सीनेशन किया जा रहा है ।यह अभिनव प्रयोग मध्य भारत में पहली बार किया जा रहा है जो जिसे अपार सफलता मिल रही है लोग मेट्रो अस्पताल के इस प्रयास को आश्चर्यजनक बता रहे है।**

ग्लोबल इंजीनियरिंग परिसर में शुरू हुआ यह वैक्सीनेशन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार चलता है। जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए वाहन में ही लोगों को वैक्सीनेशन लगा दिया जाता है।

### सार्थक पहल , ऐसा ही होना चाहिए

वैक्सीनेशन के इस प्रयोग को खासी सराहना मिल रही है। एक पुलिस अधिकारी ने इस प्रयोग को आश्चर्यजनक और सार्थक पहल बताते हुए कहा कि ऐसा ही होना चाहिए जिससे सभी लोग सुरक्षित रहें। कार में ही वैक्सीनेशन किये जाने के बाद एक युवती ने कहा कि ग्लोबल की ओर से यह एक बहुत अच्छी सुविधा है इससे में सुरक्षित रहते है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि मेट्रो का यह प्रयोग वाकई सराहनीय है। गाड़ी में बैठे बैठे ही वैक्सीन लगा दी जाती है। मेट्रो का स्टाफ इतना अच्छा है कि पता नहीं चलता है कि कब वैक्सीन लग गई। उन्होंने कहा कि मेट्रो में 99 प्रतिशत कोविड मरीज स्वस्थ्य होकर घर पहुंच रहे है। इसके लिए मेट्रो के डाक्टर नर्सिंग स्टाफ का खासी योगदान है।

### मध्य भारत में पहली बार सफल प्रयोग

### कतार से मुक्ति दिलाने का प्रयास

लोगों को टीकाकरण की कतार से मुक्ति दिलाने और सुरक्षित तरीके से टीकाकरण करने के लिए शहर में पहली बार ड्राइव इन वैक्सीनेशन के जरिए लोगों का निःशुल्क टीकाकरण हुआ। गुरुवार की तरह आज भी ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज में बनाए केंद्र में 18+और 45+ केटेगरी में हुए टीकाकरण में लोगों ने अपने वाहनों में बैठकर टीके लगवाए। चार पहिया वाहनों और दो पहिया वाहनों में आकर एक- एक कर लोगों ने अपनी सुविधानुसार टीकाकरण कराया। बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हास्पिटल द्वारा आयोजित इस कैंप के बारे में चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया ने बताया कि महाकौशल क्षेत्र में यह अपने आप में पहला प्रयास है।

## कोविड-19 टीकाकरण कल

जबलपुर यशभारत। आज अवकाश होने के कारण कोविड 19 वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। 15 मई को टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाएंगे। सभी 45+ के हितग्राहियों से आग्रह है कि अपना दूसरे डोज का टीकाकरण अवश्य करवाये। 45+ टीकाकरण के लिए फिक्स सेंटर है जहां प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को टीकाकरण कराया जा सकता है।

1. नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
2. हितकारिणी लॉ कॉलेज विक्टिरिया चिकित्सालय*
3. रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन*
4. *रेलवे चिकित्सालय जबलपुर



## अजय चौहान अध्यक्ष डी एस पांडे सी ई बने

### अ.भा.अराज. अधि.संघ राष्ट्रीय कार्य कारिणी घोषित

जबलपुर यशभारत। गत दिवस अखिल भारतीय अराजपत्रित संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कानपुर में आयोजित द्विवार्षिक आमसभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव हुए। विडियो कान्फ्रेनसिंग से नयी कार्यकारिणी घोषित की गयी। जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. साईबाबा राष्ट्रीय महासचिव अजय को चुना गया। जबलपुर जोन की आयुध निर्माणियों में खमरिया के अजय चौहान जोनल चैयरमेन के साथ व्ही एफ जे से जितेन्द्र कुमार दुबे को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव सतीश कुमार समाधिया को जोनल सचिव ओ एफ के से दिनेश चंद्र पाण्डेय जी सी एफ से अजय रजक को सी ई मेम्बर और आ नि इटारसी से राकेश विसय को सी ई आव्जर मेम्बर चुने गये। पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व संरक्षक सुरेश कुमार सचान ने नवगठित कार्यकारिणी बधाई दी। उल्लेखनीय है कि अजय चौहान पूर्व में ओ एफ के मे तीन बार अविजित वर्क्स कमेटी सदस्य उसके उपाध्यक्ष और जे सी एम सदस्य रहे। उनके मनोनयन पर आई एन डी डब्ल्यू एफ के उपाध्यक्ष अरुण दुबे बीपीएमएस के नरेंद्र तिवारी के साथ विभिन्न निर्माणियों के रामानंद यादव बी बी ओझा सरोज बिस्वाल सतेन्द्र सिंह अजय यादव मुकेश विस्वकर्मा जे एस बधावन शकील खान अमित श्रीवास्तव विमल सिंह संजय परदेशी ए के कुंडू डी थुलकर राजेश तिवारी एम पी बरेठ अखिलेश सेन आर मसीह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# घरों में ही मनाया जा रहा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**जबलपुर, यशभारत। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी घरों में ही मनाया जा रहा है। हर साल इस अवसर पर सामूहिक रूप से भगवान का अभिषेक-पूजन सहित अन्य कार्यक्रम किए जाते हैं। जिले में कोरोना संक्रमण दर कम होने के कारण जून में सबकुछ सामान्य होने की संभावनाएं लोग व्यक्त कर रहे हैं। इसी कारण कुछ लोगों को उम्मीद है कि जून और जुलाई के मुहूर्त में शादियों के कार्यक्रम सीमित संख्या में हो सकेंगे।**



भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज कहीं भी सामूहिक कार्यक्रम नहीं हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण के कारण इस बार समाज के सभी लोग घर में ही भगवान का अभिषेक-पूजन और हवन कर रहे हैं। मटामर में भगवान परशुराम तपोस्थली में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का महाभिषेक आज नगर सीमा से सटा परशुराम धाम मटामर भगवान परशुराम की प्राचीन तपोस्थली है। यहां उनके चरणों से उद्धृत महामानव के पैरों के आकार वाला पवित्र परशुराम कुंड, कुंड के समीप स्थित प्राचीन श्री परशुराम मंदिर, मंदिर के समीप स्थित श्री परशुराम पर्वत, पर्वत के शिखर पर स्थित पवित्र श्री परशुराम गुफा प्रमाणित करती है कि भगवान परशुराम बहुत लंबे समय तक इस पवित्र स्थल पर तपस्यारत थे। श्री परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. एचपी तिवारी ने बताया कि समिति द्वारा पर्वत के शिखर पर स्थित पवित्र पराशुरा गुफा के ऊपर अवस्थित लगभग 1000 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली पवित्र परशुराम शिला पर 15 फुट लंबा फरसाधारी 31 फुट ऊंची श्री परशुराम प्रतिमा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज है। यह 15 फुट लंबा फरसा धारी 31 फिट ऊंची विश्व की एकमात्र प्रतिमा है। सचिव सचिन मिश्रा ने बताया कि आज श्री परशुराम प्रकटोत्सव के अंतर्गत विष्णु सहस्त्रनाम स्त्रोत के 108 पाठ, परशुराम चालीसा पाठ, पूजन अर्चन, महाभिषेक व महाआरती की जाएगी।इस प्रतिमा का निर्माण श्री परशुराम के अनन्य आराधक व समिति के तत्कालीन सचिव ब्रह्म लोकवासी राम मिलन मिश्रा व तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एचपी तिवारी द्वारा अपने निजी संसाधनों व इष्ट मित्रों के सहयोग से किया गया है।

### विष्णु सहस्त्रनाम से 1100 आहुतियां

सम्पूर्ण ब्राम्हण मंच द्वारा जबलपुर परशुराम धाम ग्वारीघाट में भगवान विष्णु के छठें अवतार परशुराम जन्मोत्सव में आपदा मुक्ति हेतु विशेष पूजन व हवन रखा गया है, जो कोरोना महामारी का दिशा निर्देशों का पालन करते हुये मात्र पांच लोगों की उपस्थिति में होगा। इसकी तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य जी, पण्डित वासुदेव शास्त्री, अमित खम्परिया, संतोष शास्त्री, अरुण मिश्रा, राजकुमार दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के संबंध में बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से परम पूज्य जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज द्वारा अक्षय तृतीया में ब्रम्हमुहूर्त गज् केशरी योग में भगवान श्री का विशेष पूजन किया जाएगा। इसके बाद सम्पूर्ण सृष्टि रक्षार्थ विष्णु सहस्त्रनाम से आहुतियां दी जायेंगी। नगर पण्डित महासभा के पण्डित वासुदेव सास्त्री ने बताया की अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर विष्णु सहस्त्र नाम से हवन सभी दुखों और आपदा को नाश करने बाला होगा और शीघ्र ही इस आपदा का नाश होना शुरू हो जायेगा।

## जिलेभर में 68 केंद्रों में कोरोना की वैक्सीन लगाई गई

**जबलपुर यशभारत।** स्वास्थ्य विभाग ने 12 हजार हितग्राहियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसकी तुलना में सात हजार 589 लोग टीका लगवाने पहुंचे। इस दौरान 18 से 44 वर्ष की आयु के हितग्राहियों में टीकाकरण के लिए उत्साह देखा गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसएस दाहिया ने बताया कि 16 जनवरी से प्रारंभ हुए टीकाकरण अभियान में अब तक चार लाख 64 हजार 221 हितग्राहियों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

### 24 घंटे के भीतर टीकाकरण पर एक नजर

| | |
|---|---|
| हेल्थ केयर वर्कर, पहला डोज- | 25* |
| हेल्थ केयर वर्कर, दूसरा डोज- | 57* |
| फ्रंट लाइन वर्कर, पहला डोज- | 27* |
| फ्रंट लाइन वर्कर, दूसरा डोज- | 66* |
| 18 से 40 वर्ष, पहला डोज- | 3126* |
| 45 से 59 वर्ष, पहला डोज- | 973* |
| 45 से 59 वर्ष, दूसरा डोज- | 1851* |
| 60 वर्ष से अधिक, पहला डोज- | 398* |
| 60 वर्ष से अधिक, दूसरा डोज- | 1066* |
| योग- | 7589* |
| लक्ष्य- | 12000* |

### वैक्सीनेशन कराने उत्साह से पहुंचे पत्रकार

जबलपुर। फ्रंटलाइन वॉरियर की केटेगरी में शामिल पत्रकारों के लिए आज विशेष तौर पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन हितकारिणी कॉलेज करमचंद चौक में किया गया। इसमें 162 पत्रकारों ने पहुंचकर रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रिया पूरी कर टीका लगवाया। वैक्सीनेशन में 18+, 45+ व 60+ की उम्र के पत्र शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पत्रकारों को फ्रंटलाइन वॉरियर घोषित किये जाने पर उनका आभार जताया।

# मोक्ष दिला रहा है मोक्ष



**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना संक्रमण से हो रही मृत्यु के बाद प्रोटोकाल के तहत उनका चौहानी, तिलवाराघाठ मुक्तिधाम और अन्य स्थानों में किये जा रहे अंतिम संस्कारों में परोपकारी संस्था मोक्ष और नगर निगम की टीम लगी हुई है।मोक्ष की टीम के साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्म के लोग सेवाधारी हैं। मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति जबलपुर द्वारा लगातार निराश्रित जनों को भी सहारा दिया जा रहा है। उन्हें सड़कों से उठाकर मोक्ष के माध्यम से आश्रय दिया जा रहा है। वहीं दशकों से चलाए जा रहे हैं लावारिस आश्रय स्थल में भी हालत खराब है मूलभूत व्यवस्था ही नहीं है।मोक्ष की शरण में जो बुजुर्ग है सम्मिलित प्रयास से उनकी सेवाएं जारी है हालात बेहतर तो नहीं पर कोशिश जारी है। संस्कारधानी से मदद के लिए हाथ बढ़ रहे हैं पर यह मदद मुट्ठी भर लोगों की ही।कोई किट भेजता है। कोई पेट्रोल लगाता है। कोई लड़कों के लिए भोजन तो कोई फूल पानी नि:शुल्क बांट रहा। महाकोशल से आने वाले नि:शक्तजन अस्पतालों और घरों में हो रही मौतों पर भी मोक्ष सहयोगियों द्वारा उनके अंतिम संस्कार भी कर रहा। मोक्ष के प्रमुख आशीष ठाकुर ने बताया कि जैसी सूचना मिलती है किसी पाजिटिव की मौत हो गई तो उनके धर्म अनुसार मदद करने के पूरे प्रयास मोक्ष करता आ रहा है।इसमें कई लोगों को नि:शुल्क सेवा दी जा रही है। लाखों रुपए अस्पताल में खर्च करने के बाद परिजन परेशान हो चुके होते हैं और अंतिम समय में मोक्ष कि मदद चाहते हैं। मोक्ष मदद करने के लिए हर पल खड़ा है पर साधन सीमित हैं। इसके लिए उसे और मदद की दरकार है। लगभग 55 लोगों की टीम के लिए उनकी जरूरतों से लेकर उनका खर्चा भी मोक्ष ही उठा रहा है। वही प्रतिदिन बहुत से परिवार अपने शवो को एक पत्र व्हाट्सएप कर कर अपने दुख का हवाला देते हुए मोक्ष से अंतिम संस्कार करा रहे हैं जिले के बाहर भी ज्यादातर परिवार जानकारी लेकर पत्र भेज दे रहे हैं कि मोक्ष अंतिम

**असहायों की मदद, कोविड शवों का संस्कार, परिजनों का विशेष ध्यान**

## कोरोनाकाल में वोटर सर्वे कराकर संक्रमण की जद में कर्मचारियों को धकेल रहा केंट बोर्ड

**जबलपुर यशभारत।** एक तरफ जहां समूचा शहर संक्रमण से जूझ रहा है और लाकडाउन लगा हुआ है इसके बावजूद चुनावी सर्वे काम कराया जा रहा है। मामला कैंट बोर्ड का है जहां कोरोना संक्रमण के बीच वोटर लिस्ट सर्वे में शिक्षकों को झोका जा रहा है। कैंट बोर्ड प्रशासन को लोगों के स्वास्थ्य से ज्यादा वोटर लिस्ट सर्वे की चिंता है। केंटोन्मेंट बोर्ड प्रशासन ने एक आदेश जारी करते हुए नई मतदाता सूची के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। कोरोना संक्रमण के बीच जारी किए गया यह आदेश को लेकर स्टाफ में ही नाराजगी शुरू हो गई है।अभी हाल ही में एक माह पहले ही वोटर लिस्ट बनाई गई है ऐसे में दोबारा आदेश को लेकर भ्रम और हास्यापस्द स्थिति बन गई है।

कोरोना संक्रमित होने का खतरा बताया जाता है वार्ड स्तर पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है कि उन्हें घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करना होगा। शिक्षकों को निर्धारित किए गए वार्ड में घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम एकत्रित करने हैं। वहीं उनके साथ ही एक बोर्ड के अधिकारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। घर-घर सर्वे करने जाने वाली टीम पर हमेशा कोरोना संक्रमित होने का खतरा रहेगा। वही लॉकडाउन में कौन घर के अंदर आने देगा। बोर्ड के इस आदेश से कर्मचारियों-अधिकारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि आदेश तो जारी कर दिया गया, लेकिन उनकी सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। यदि किसी के साथ कुछ होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

**दो साल तक नहीं कोई चुनाव फिर भी कराया जा रहा वोटर सर्वे**

### इनका कहना है

अप्रैल में ही वोटर लिस्ट बनाई गई थी। चंद लोगों की ड्यूटी का आदेश हास्यास्पद है। इस संबंध में केंट बोर्ड सीईओ से सोमवार को मिलकर बात की जाएगी।

**अभिषेक चौकसे,**
**पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष**



**कड़ी धूप में मुस्तैद जवान**

जबलपुर। कोरोना संक्रमण के चलते चल रहे जनता कर्फ्यू के दौरान पुलिस लगातार चौबीस घंटे ड्यूटी निभा रही है। भरी गर्मी में धूम में भी पुलिस के जवान आवाजाही को नियंत्रित करने में लगे हुए हैं। **फोटो: अशोक बर्मन**

## कोरोना ड्यूटि से मृत कर्मचारियों के समस्त भुगतानों का सरलीकरण किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी सयुंक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि पूरे प्रदेष में कोरोना महामारी के नियंत्रण हेतु षिक्षक अमले को इस कार्य में लगा दिया गया है और शिक्षक इस कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ कर भी रहे हैं परंतु षिक्षकों और उनके परिवार के साथ विडंबना यह है कि कोरोना ड्यूटि के दौरान जिन षिक्षकों की कोविड-19 वायरस के संक्रमण से मृत्यु हुई है उनके परिवार को किसी प्रकार का मुआवजा तत्काल प्रभाव से नही दिया गया। शासन-प्रषासन की अनदेखी और विभाग की उदासीनता के चलते जो षिक्षक इस कार्य हेतु अपनी सेवा दे रहे हैं वे और उनका पूरा परिवार हैरान, परेषान और चिंतित है कि कहीं उनके साथ कुछ आकस्मिक घटना घटती है तो उनकी सुनने वाला कोई नहीं है क्योंकि न तो शासन इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही विभाग सहयोग कर रहा है। संघ ने आगे बताया कि अभी तक कोरोना नियंत्रण हेतु कार्य कर रहे षिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की मृत्यु लगातार होते आ रही है एवं कर्मचारी संघ द्वारा लगातार मांगे उठ रही है परंतु शासन-प्रषासन के कानो में जू तक नहीं रेंग रही। कर्मचारियों, शिक्षकों को भयभीत कर रही है और उन्हे अपने परिवार की चिंता खाए जा रही है आखिर उनका पूरा परिवार उन्ही पर आश्रित है। संघ के प्रांताध्यक्ष उदित भदोरिया, जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, कैलाष शर्मा, स्टेनली नाबर्ट, दिनेष गौंड़, विनोद सिंह, राकेश श्रीवास, आदि ने शासन से मांग की है कि मृत कर्मचारियों, षिक्षकों के परिवार को मुआवजा राषि एवं अन्य स्वात्वों का भुगतान तत्काल प्रभाव से किया जाना चाहिए आखिर ये शहीद हो रहे कर्मचारी कोरोना योद्धा हैं।




## कोराना योद्धाओं की समस्याओं का निराकरण हो

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कोराना योद्धाओं की समस्याओं के निराकरण की मांग की है। संघ ने बताया कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज व चिकित्सालय में पदस्थ कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संचालनालय चिकित्सा शिक्षा एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 9-9/ 2019/नियम/चार, दिनांक 26.12.2019 को ठेंगा दिखाते हुए अभी तक एन.पी.एस. योजना अंतर्गत समस्त स्वशासी कर्मचारी व अधिकारियों को उनके प्रान नम्बर आवंटित नहीं किये गये है। प्रान नम्बर आवंटित नहीं होने के फलस्वरूप कर्मचारियों की नवीन अंशदायी पेंशन योजना की कटौती नहीं हो पा रही है जिसके कारण उन्हें प्रतिमाह हजारो रूपये का आर्थिक नुकसान के साथ पेंशन में भी हानि उठाना पडेगी। कोविड 19 महामारी में कार्यरत कोरोना योद्धा जो कि चिकित्सालय में अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए संक्रमण का शिकार हुए है उनको संक्रमण होने के उपरांत नियमानुसार 14 दिन का संगरोध अवकाश स्वीकृत किया जाना चाहिए परन्तु नहीं किया जा रहा है, जबकि चिकित्सालय में पदस्थ सभी चिकित्सकों को पूर्व से ही यह संगरोध अवकाश स्वीकृत किया जा रहा है। आयुष्मान से मिलने वाला मानदेय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्राथमिकता के तहत भुगतान किये जाने के निर्देश हैं परन्तु उसमें भी हीला-हवाला किया जा रहा है। उक्त समस्याओं के चलते कर्मचारियों/अधिकारियों में भरी रोष व्याप्त है।संघ के वीरेन्द्र तिवारी, आलोक अग्निहोत्री, घनश्याम पटेल, रमेश उपाध्याय, साहिल सिद्धिकी, प्रशांत श्रीवास्तव, अजय दुबे, अमित विश्वकर्मा, प्रशांत बिनजोलिया, राजू मस्के, गोपाल नेमा, विवके सोनी, राजकुमार मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, नितिन शर्मा, विष्णु पाण्डेय, श्याम नाराण तिवारी, महेश कोरी, मो. तारिक, वीरेन्द्र सोनी, संतोष तिवारी, प्रियांशु शुक्ला आदि ने माननीय चिकित्सा मंत्री जी को मांग पत्र ईमेल के माध्यम से भेजकर कोरोना योद्धाओं की लंबित समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण कराये जाने का निवेदन किया गया है

## हिन्दु सेवा परिषद ने संक्रमण से बचाव हेतु एसपी को 500 फेस शील्ड एवं 500 मास्क दिए

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हिन्दू सेवा परिषद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल जी एवं रक्षित निरिक्षक सौरभ को फ्रंट लाईन में काम कर रहे पुलिस कर्मियों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु 500 मास्क एवं 500 फेस शील्ड प्रदाय किये। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि पूरे देश में कोरोना महामारी ने विकराल रूप धारण किया हुआ है, परंतु शहर एवं देश की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन 24 घंटे निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है इस संकट की घड़ी में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा हेतु संगठन द्वारा जगह जगह पुलिस पॉइंट पर भी सेवा प्रदान कर रहा है और आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा हेतु 500 फेस शिल्ड एवं 500 मास्क सहयोग में दिए हैं तथा निरंतर प्रशासन एवं आमजन के सहयोग में संगठन तत्पर रहेगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौरभ जैन, उत्कर्ष रावत, धीरज ज्ञानचंदानी, बंटी लखेरा, निखिल कनौजिया, शेखर कुकरेजा, करन परसवानी, रवि गंगवानी, ज्योतिव्रत दास, लकी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# निगमायुक्त के निर्देश पर- कोविड सहायता केंद्रों का किया निरीक्षण

**उपलब्ध करवाई दवाइयों का किट**

**दो केंद्रों पर कोरोना की जांच भी शुरू**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार नगर निगम के आयुक्त संदीप जी आर ने सभी 16 संभागों में 32 स्थानों पर क्षेत्रीय नागरिकों को कोविड-19 से बचाव के लिए समझाइस देने उन्हें गाइड करने तथा दवाइयों का किट प्रदान करने के उद्देश्य से सहायता केंद्रों की स्थापना कराई है। जिसका निरीक्षण और निगरानी प्रतिदिन नगर निगम वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।आज निगमायुक्त संदीप जी आर के निर्देश पर अपर आयुक्त टी एस कुमरे ने उपायुक्त राजस्व पी एन सनखेरे के साथ 5 केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आज उनके द्वारा संभाग क्रमांक 6, 7, 14, एवं 15 के अंतर्गत संचालित कोविड सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आज दो सहायता केंद्रों पर कोरोना की जांच भी शुरू करवाई गई है। श्री कुमरे ने बताया कि सहायता केंद्रों से लोगों को कोरोना से बचने की समझाइस देने के अलावा कोरोना लक्षण वाले व्यक्तियों को दवाइयों का किट वितरण कर फीवर क्लिनिक भेजे जा रहे हैं। इस अवसर पर संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, आर आई शिरीष उपाध्याय, अरविंद श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# 2 स्पेशल ट्रेन की अवधि में विस्तार

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली दो समर स्पेशल ट्रेनों की अवधि में विस्तार किया गया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 01367/01368 एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी के मध्य एक-एक ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।**

ये समर स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, सतना स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं। रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों से यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व एवं यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें। मास्क का सदैव उपयोग अवश्य करें तथा स्टेशन एवं ट्रेन में आपस में उचित दूरी बना कर रखें। किसी भी वजह से भीड़ भाड़ ना करें, हाथों को धोते रहें एवं सेनिटाइजर का उपयोग करते रहें, प्रतिकार शक्ति बनाये रखें, ताकि वायरस के संक्रमण से बचा जा सके।



## रेलवे मजदूर संघ का प्रयास रंग लाया

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के प्रयासों से डब्ल्यूसीआर महाप्रबंधक द्वारा रेलवे कर्मचारी और अधिकारियों के कोविड-19 टीकाकरण किए जाने के आदेश दे दिये गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश प्रशासन द्वारा भोपाल, होशंगाबाद, गुना, सागर, हरदा, कटनी, शहडोल, नरसिंहपुर, सतना व जबलपुर के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी का सत्र आयोजित कर वैक्सीनेशन किया जायेगा। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ ने डब्ल्यूसीआर महाप्रबंधक से रेलकर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को रेल चिकित्सालयों में वैक्सीनेशन करवाये जाने तथा रेल कमचारियों को फ्रंटलाइन वर्कर घोषित किये जाने की मांग की थी। मजदूर संघ ने पमरे जीएम को पत्र लिखकर कहा था कि कोरोना महामारी के गंभीर काल में सभी वर्गों के रेलकर्मी सतत् कार्यरत हैं तथा परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से इस कारण कोरोना संक्रमण से प्रभावित हो रहे हैं। जिससे पिछले माह में ही सैकड़ों रेलकर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की दुःखद मृत्यु हुई है। इसलिये सभी वर्गों के रेलकर्मियों को फ्रंटलाइन वर्कर घोषित करते हुए 18+ रेलकर्मियों एवं उनके परिवार को वेक्सीन की प्रथम डोज तथा 45+ रेल कर्मचारियों को वैक्सीन की दूसरी डोज अविलम्ब लगवाई जाये।

## कठिन परिस्थितियों में भी रेलवे सुरक्षा बल की रही अहम भूमिका

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में कोविड-19 से उत्पन्न हुई कठिन परिस्थिति में भी वायरस संक्रमण से अपने को बचाव करते हुये पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष 2020-21 में कई सराहनीय/महत्वपूर्ण कार्य किये गए, जिसका विवरण निम्नानुसार है। रेलवे सम्पत्ति विधि विरूद्ध कब्जा अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई। लावारिस बच्चों के पुर्नवास की दिशा में मानवीय दायित्वों का निर्वहन यात्री सामान की चोरी एवं* *द्धक्क्ष्ट ष्ह्ल* *के तहत की गई कार्रवाई। आलइंडिया हेल्प लाईन नंबर 139 का यात्री हितों में बहुउद्धेशीय साबित होना रेलवे परिचालन को बाधित कर समयबद्धता प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई पमरे के अंतर्गत रेलवे टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई - पमरे के अंतर्गत रेलवे

## कोरोना संक्रमण के कार्यों की विधायक संजय यादव ने की समीक्षा

जबलपुर। शहपुरा तहसील में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये किये जा रहे प्रयासों की आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिड़की में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधायक संजय यादव ने समीक्षा की। अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा श्रीमती कलावती ब्यारे के अनुसार बैठक के बाद विधायक श्री यादव ने होम आईसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कोरोना मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ के बारे में जानकारी ली।

# खाद्य संचालक ने कहा सभी राशन दुकान सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खोलकर बांटे खाद्यान्न

**भोपाल।** भोपाल में बरखेड़ी, निजामुद्दीन कॉलोनी, सुभाष नगर, तथा क्षेत्रों की 5 दुकानों का निरीक्षण गुरुवार को खाद्य संचालक तरुण पिथोडे ने किया। इस दौरान सभी राशन दुकान के विक्रेता सहायकों को दुकाने नियमित समय पर सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक खोलकर अप्रैल मई-जून का निशुल्क राशन वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता जो पात्र हैं उपभोक्ता राशन से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही सभी उपभोक्ता को राशन की रशीद भी अनिवार्य रूप से दी जाए , जिससे उपभोक्ता को जानकारी रहे कि उनको कितना राशन दिया गया है। विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि प्रतिदिन जिले में दुकानों का निरीक्षण किया जाए और उसकी भ्रमण रिपोर्ट जिला अधिकारी को दी जाए, लापरवाही करने वाले और निरीक्षण नहीं करने की शिकायत और जानकारी आने पर संबंधित कर्मचारी और निरीक्षक अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो राशन दुकान का विक्रेता सहायक समय पर राशन दुकान नहीं खोलेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी । खाद्य विभाग का समस्त अमला प्रतिदिन निरंतर प्रत्येक राशन दुकान की मानिटरिंग एवं जांच करेंगे। भोपाल जिले मे पात्र 95 प्रतिशत उपभोक्ताओ को नि:शुल्क राशन वितरित किया गयाजिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ज्योति शाह नरवरिया ने बताया कि भोपाल जिले में प्रतिमाह पात्र परिवारों की संख्या 2 लाख 95 हजार है इन परिवारों को अप्रैल मई-जून में 5 किलो प्रति सदस्य राशन वितरण की कार्यवाही जारी है माह अप्रैल मई-जून के लिए लगभग 18 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का आवंटन जारी किया गया है । जिसमें 13 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण किया गया है। अंत्योदय परिवारों को 35 किलो प्रति



परिवार खाद्यान्न कुल 3 माह का 105 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जा रहा है। 16 मई 2021 से माह मई एवं जून में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का खाद्यान्न 5 किलो प्रति सदस्य के मान से 12 हजार मीट्रिक टन निशुल्क वितरण किया जाएगा। माह अप्रैल मई-जून का निशुल्क राशन निरंतर वितरण करवाया जा रहा है अभी तक 95 प्रतिशत परिवारों को राशन वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि भोपाल प्रदेश के 5 अव्वल जिलों में शामिल है। जिले में 447 उचित मूल्य की दुकान है खाद्द्य विभाग के अमले, जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा निरंतर उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है ष

# कॉलेज 15 जून तक संबद्धता और निरंतरता 30 जून तक हासिल कर सकते हैं

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण काफी तेजी से फैल रहा है। इसके चलते विश्वविद्यालय और विभागीय स्तर पर कार्य रुके हुए हैं। इस कारण उच्च शिक्षा विभाग ने विवि का संबद्धता शुल्क जमा करने की तिथि में एक माह की बढ़ोतरी कर दी है। अब कालेज 15 मई के स्थान पर 15 जून तक शुल्क जमा कर संबद्धता हासिल कर सकते हैं। वहीं कालेजों को निरंतरता के लिए 15 जून के स्थान पर 30 जून तक शुल्क जमा कर सकते हैं। भोपाल में कालेज खोलने के लिए सात आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से तीन आवेदन को अमान्य कर दिया गया है। शेष तीन कालेजों को विभाग ने एनओसी जारी कर दी है। अब उन्हें बीयू से संबद्धता लेना होगी। प्रवेश लेने 27 नए कालेज स्थापित होंगे। राज्य के अलग-अलग जिलों में कॉलेज खोलने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव पहुंच गए हैं, जिनकी एनओसी जारी कर दी गई है। वहीं करीब 50 कॉलेजों ने नवीन संकाय और 200 कॉलेजों ने नए विषय खोलने की विभाग से अनुमति मांगी है। उक्त कालेजों को शुल्क जमा करने के लिए विभाग ने एक माह का समय दे दिया है।। विभाग को आगामी सत्र 2021-22 के लिए नए कॉलेज खोलने के लिए करीब 46 प्रस्ताव मिले थे। उनमें से विभाग ने 27 कॉलेज खोलने के लिए एनओसी जारी कर दी हैं। शेष 19 के दस्तावेज पूर्ण नहीं होने के कारण उन्हें आमन्य करते हुए खारिज कर दिया है।




## कोरोना काल में सांसों के साथ अपनों ने छोड़ा हाथ, स्वयंसेवक ऐसे निभा रहे मानवता का रिश्ता

**भोपाल।** कोरोना महामारी ने मानवीय संवेदनाओं को भी तार-तार कर रखा है। सांसों के साथ छोड़ने के साथ ही अपने भी दूरी बना रहे हैं। शव को अंत्येष्टि का इंतजार है, तो अस्थियों को अपनों के हाथ नदियों में प्रवाहित होने का, लेकिन संक्रमण के भय ने अपनों को भी दूर कर दिया है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सेवा कार्यों से मानवता की नई इबारत लिख रहे हैं। जिन शवों को अपने छोड़ गए, उनकी अंत्येष्टि से लेकर अस्थि विसर्जन तक की व्यवस्था कर रहे हैं।

# हमीदिया अस्पताल में 20 बिस्तर का म्यूकर वार्ड शुरू, 15 मरीज हुए भर्ती



**भोपाल।** भोपाल और आसपास के जिलों में ब्लैक फंगस यानी म्यूकर माइकोसिस के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। हमीदिया अस्पताल में भर्ती इस बीमारी के मरीजों की संख्या 25 हो गई है। इस बीमारी के लिए 20 बिस्तर का अलग से वार्ड बनाया गया है, जिसमें 15 मरीज भर्ती हो चुके हैं। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि हर दिन 3 से 4 नए मरीज आ रहे हैं। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि यह बीमारी नमी बढ़ने पर और बढ़ती है। ऐसे में बारिश शुरू होने के बाद इसके और तेजी से बढ़ने की आशंका है। गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के नेत्र विभाग के सह प्राध्यापक डॉ एसएस कुबरे ने बताया कि ह्यूमिडिटी का इस बीमारी से गहरा नाता है। नाक में भी सबसे पहले बीमारी इसीलिए पहुंचती है कि नाक के पिछले हिस्से में ह्यूमिडिटी ज्यादा रहती है। साथ ही कैविटी भी रहती है। उन्होंने कहा लोगों को इस बार बीमारी के बारे में बहुत ज्यादा जागरूक करने की जरूरत है।ह मीदिया अस्पताल के नाक, कान एवं गला रोग विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. यशवीर जेके ने बताया कि नाक, कान एवं गला वार्ड को फिलहाल म्यूकर वार्ड बना दिया गया है। 20 बिस्तर के इस वार्ड में 2 दिन के भीतर 15 मरीज भर्ती हो चुके हैं। सभी मरीज ऐसे हैं जो कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं, लेकिन म्यूकर माइकोसिस की वजह से उन्हें दोबारा भर्ती किया गया है। इसके अलावा 9 मरीज कोरोना वार्ड में भर्ती हैं। इसी तरह से एम्स में भी इस बीमारी के 8 मरीज भर्ती हैं। यशवीर ने बताया कि 2 मरीजों की आंख में संक्रमण ज्यादा बढ़ गया है इस वजह से उनकी आंख निकालनी पड़ेगी।

### दवाओं की किल्लत की वजह से इलाज में आ रही है दिक्कत

एम्स के दंत रोग विभाग के सह प्राध्यापक डॉ अंशुल राय ने बताया किगायक फंगस के उपयोग में होने वाला इंजेक्शन और टैबलेट दोनों नहीं मिलने की वजह से ऑपरेशन का भी कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में उपयोग होने वाले आक्सीजन सिलिंडरों में ह्यूमिडिफायर के तौर साधारण पानी के उपयोग की वजह से यह समस्या और बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि यही पानी जब अन्य मरीजों में उपयोग किया जाता है तो उन्हें भी संक्रमण होने का खतरा रहता है। इसलिए हो रही है बीमारी कोरोना संक्रमण के दौरान डायबिटीज के मरीजों में स्टेरॉइड का ज्यादा उपयोग होने से उनका शुगर का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। प्रतिरोधक क्षमता कम होने से यह बीमारी बढ़ जाती है। इसमें आंखें लाल होना, आंखें बाहर की तरफ निकलना, नाक बंद होना, तेज सिर दर्द, आंखों का इधर-उधर नहीं घूमने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।



# भोपाल कलेक्टर ने जिले में तंबाकू पदार्थों के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

**भोपाल ।** जन-स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कोविड-19 से रोकथाम व बचाव के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अविनाश लवानिया ने भोपाल जिले के सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ तथा सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, पान मसाला व जर्दा इत्यादि का उपयोग तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगा दिया है। कोई भी पदाधिकारी, कर्मचारी या नागरिक इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत आगामी आदेश तक जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी कार्यालय एवं परिसर, सभी स्वास्थ्य संस्थान एवं परिसर, सभी शैक्षणिक संस्थान एवं परिसर, सभी थाना एवं सार्वजनिक स्थान जैसे, मनोरंजन केन्द्र, पुस्तकालय, स्टेडियम, होटल, शापिंग माल, कॉफी हाऊस, निजी कार्यालय, न्यायालय परिसर, रेल्वे स्टेशन, सिनेमा हॉल, रेस्टोरेंट, सभागृह, एयरपोर्ट, प्रतीक्षालय, बस स्टॉप, लोक परिवहन, टी स्टॉल, मिष्ठान भण्डार, ढाबा आदि में किसी भी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ तथा सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, पान मसाला व जर्दा इत्यादि का उपयोग पर प्रतिबंधित किया गया है। तम्बाकू सेवन करने वालों की प्रवृत्ति यंत्र-तत्र थूकने की होती है। थूकने के कारण कई गम्भीर बीमारियों यथा कोरोना (कोविड-19), इन्सेफलाइटिस, यक्ष्मा, स्वाईन फ्लू इत्यादि के संक्रमण फैलने की सम्भावना प्रबल रहती है। तम्बाकू सेवन करने वाले लोग गंदगी फैलाकर वातावरण को दूषित करते हैं जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने के लिए उपयुक्त परिस्थिति तैयार होती है। ऐसा करने पर छह माह का करावास या 200रुपये का जुर्माना लागया जाएगा।

# मुस्लिम परिवार ने शादी के निमंत्रण में ईश्वर-अल्लाह दोनों का किया स्मरण




### मुस्लिम परिवार के शादी के निमंत्रण कार्ड में एक तरफ भगवान गणेश की तस्वीर तो दूसरी ओर है 786

**गुना ।** ईश्वर-अल्लाह के नाम से हर काम का आगाज करता हूं, उन्हीं पर है भरोसा, उन्हीं पर नाज करता हूं।% सांप्रदायिक सौहार्द की यह लाइनें किसी सादे कागज पर नहीं लिखी हैं, बल्कि एक मुस्लिम परिवार ने अपने बेटे की शादी के निमंत्रण पत्र पर छपवाई हैं। निमंत्रण में एक तरफ हिंदुओं के प्रथम पूज्य भगवान गणेश की तस्वीर प्रकाशित है तो दूसरी ओर 786 अंकित है। निमंत्रण पत्र उन्होंने हिंदू मित्रों के लिए छपवाए हैं जबकि मुस्लिम रिश्तेदारों व परिचितों को उर्दू भाषा वाले कार्ड दिए हैं। शादी का यह निमंत्रण इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह परिवार है जिले की कुंभराज तहसील के मृगवास कस्बा निवासी यूसुफ खां का। उन्होंने अपने बेटे इरफान खां की शादी में आमंत्रित करने के लिए यह निमंत्रण पत्र दिए। बुधवार शाम को इरफान दूल्हा बनकर निकाह करने के लिए पहुंचे। इस्लामी परंपरा के अनुसार निकाह हुआ। यूसुफ ने कार्ड पर लिखा है कि परमपिता परमात्मा की असीम कृपा से हमारे घर आंगन में शुभ मांगलिक प्रसंग आया है। मंगल परिणयोत्सव पर आयोजित प्रीतिभोज में आप सादर आमंत्रित हैं। कृपया पधारकर हमें अनुग्रहीत करें। यूसुफ खां का कहना है कि बचपन में उन्होंने गांव के गायत्री मंदिर में पढ़ाई की, तो मरहूम पिता हुस्न खां रामायण और कुरान दोनों पढ़ते थे। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ये कार्ड वितरित किए थे।

# जनता कर्फ्यू से पंजीयन कार्यालयों को छूट




इंदौर कोरोना महामारी को देखते हुए लगाए गए जनता कर्फ्यू से कुछ गतिविधियों को छूट दी गई है। इसी के तहत अब संपत्ति के पंजीयन कार्यालयों को भी खोलने की छूट मिली है। 22 दिन बाद आज पंजीयन कार्यालय खुले। इंदौर में 20 अप्रैल को अंतिम बार संपत्तियों की रजिस्ट्रियां हुई थीं। इसके बाद अब गुरुवार को वापस पंजीयन का काम शुरू होगा। इस संबंध में कलेक्टर मनीष सिंह ने बुधवार को आदेश जारी किए। आदेश के तहत पंजीयन कार्यालयों में अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रहेगी, जबकि कर्मचारियों की उपस्थिति 10 से 25 प्रतिशत रह सकेगी। कार्यालय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। वरिष्ठ जिला पंजीयक बीके मोरे ने बताया कि मास्क और शारीरिक दूरी का पालन करवाते हुए कार्य किया जाएगा। कोविड प्रोटोकाल का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# आनलाइन चार सौ रूपये की जींस मंगाना पड़ा महंगा खाते से उड़ा लिए 38 हजार

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक को एक ऑनलाइन कंपनी से 400 रुपए की जींस पेंट खरीदना काफी महंगा साबित हुए। चार सौ रूपये रिफंड के फेर में जालसाज ने युवक के खाते से 38 हजार रूपये हड़प लिए। करीब एक साल पहले हुई इस वारदात में पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक सुमित पत्र अशोक मालवीय (18) बरेला गांव लाल घाटी में रहता है। वह एक निजी फायनेंस कंपनी में काम करता है। सुमित ने अप्रैल 2020 में चार सौ रुपए की जींस खरीदने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की थी। कंपनी की ओर से कहा गया था कि सात दिन के भीतर जींस पेंट की डिलीवरी कर दी जाएगी। एक सप्ताह तक जींस की पेंट नहीं मिली तो सुमित ने कंपनी के पोर्टल पर दिए मोबाइल नंबर पर सपंर्क किया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि जिस पेंट के लिए आपने ऑर्डर किया था वह स्टॉक में नहीं है। इसलिए कंपनी आपके चार सौ रुपए वापस कर देगी। उस व्यक्ति ने पैसे वापस करने के लिए सुमित से उसके बैंक खाते की डिटेल मांग ली। इसके बाद उसने सुमित से कहा कि आपकों एक लिंक भेजी जा रही है। उस पर क्लिक करने के बाद जो ओटीपी आए वे मुझे बता देना, सुमित ने लिंक पर क्लिक करने के बाद आया ओटीपी उस व्यक्ति को बता दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि आपके इस बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं इसलिए दूसरे बैंक खाते का नंबर दे दो। सुमित ने दूसरे बैंक खाते की डिटेल भी दे दी। इस बार भी लिंक भेजकर उसने सुमित से ओटीपी पूछ लिया। थोड़ी ही देर बाद सुमित के दोनों ही बैंक खातों से करीब 38 हजार रुपए निकल गए। पैसे निकलने का मैसेज आते ही सुमित ने फिर से उस युवक को फोन लगाया तो फोन स्विच ऑफ हो चुका था। सुमित ने मामले की शिकायत सायबर सेल में की थी। पुलिस ने जांच के उपरांत अज्ञात युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।




# हमीदिया अस्पताल में चली गोली



**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के ई-ब्लॉक होस्टल में गुरूवार शाम को गोली चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर कोहेफिजा थाने की पुलिस और एफएसएल टीम पहुंची। जांच के बाद वहां गोली चलने के साक्ष्य नहीं मिले। इस मामले में किसी तरह की कोई शिकायत भी दर्ज नहीं की गई है।जानकारी के मुताबिक यशपाल कुमार फोरेंसिक साइंस तृतीय वर्ष का छात्र है। वह हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित ई-ब्लॉक होस्टल में रहता है। यशपाल ने शाम को पुलिस को उसके कमरे के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली दागने की सूचना दी थी। टीआइ कोहेफिजा अनिल वाजपेयी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची औरआसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाकर भी घटनास्थल की जांच की, लेकिन गोली चलने के कोई साक्ष्य नहीं मिले।




# घर-घर दिखेंगी ईद की खुशियां, जरूरतमंदों को बांटेंगे सिवाइयों की खीर

**भोपाल।** इस साल जुमे के दिन शुक्रवार को ईद मनाई जा रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए चल रहे लॉकडाउन के कारण इस साल ईद मनाने का स्वरूप बदला सा दिखेगा। ईदगाह पर शहर काजी सैय्यद मुश्ताक नदवी सहित पांच अन्य मुस्लिम समाज के प्रमुख लोग ईद की नमाज अदा करेंगे। बाकी लोग घरों पर ही सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करके ईद की नमाज पढ़ेंगे। अल्लाह से कोरोना मुक्ति की दुआ मांगेंगे। कोरोना के चलते मुस्लिम समाज ने सादगी से ईद मनाने का फैसला लिया है। मस्जिदों में इमाम ईद की नमाज अदा करेंगे। घर-घर ईद की खुशियां दिखेंगी। लोग कोरोना के चलते गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई नहीं देंगे। इंटरनेट मीडिया व फोन से ईद की बधाई देंगे। घरों पर रिश्तेदार व परिचितों को नहीं बलाएंगे। वहीं मुस्लिम समाज के सामाजिक व धामिक संगठनों से जुड़े लोग शहर के अलग-अलग इलाकों व अस्पतालों में जरूरतमंदों को सिवाइयों की खीर वितरित करेंगे।




## बेदी नगर कम्युनिटी हाल में टीकाकरण अभियान

**जबलपुर।** जिला चिकित्सालय विक्टोरिया एवं कलेक्टर जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण विभाग द्वारा बेदी मंगल समिति के तत्वावधान में बेदी नगर कम्युनिटी हाल में शासन द्वारा कोविड 19 हेतु चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष से ऊपर के युवाओं को को-वेक्सीन एवं 45 वर्ष के ऊपर के लोगों को कोविशील्ड का टीकाकरण बहुत ही व्यवस्थित तरीके से आयोजित हुआ। टीकाकरण हेतु आए लोगों द्वारा हमारी संस्था द्वारा किये गये इंतजामों को बहुत सराहा गया। संस्था सदस्यों द्वारा बैठने, पीने के पानी की, उचित दूरी बनाये रखने हेतु बहुत ही सटीक तरीके से व्यवस्था की गई जिससे आने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं गई। इस कार्य में लोगों ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हमारी समिति द्वारा आगे भी टीकाकरा अभियान इसी तरह शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया जाता रहेगा। इस कार्य में समिति के अध्यक्ष कमल भल्ला, सचिव अनिल भल्ला, किरण राजपूत, गोविंद विश्वकर्मा, नितिन भाटिया, संदीप बत्रा, संजय वासुदेव, मुक्ति, मनोहर विश्वकर्मा, सतीश वर्मा, अनिल कपूर आदि की उपस्थिति सराहनीय है।

# विधायक नंदनी ने किया कोविड सेंटर का लोकार्पण

**सिहोरा।** सिहोरा के सिविल अस्पताल को शीघ्र ही दो वेंटिलेटर उपलब्ध होगे जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा उक्ताशय के विचार मुख्य चिकित्सा अधिकारी जबलपुर डॉ रत्नेश कुररिया ने गुरुवार को कोविड केयर सेंटर का लोकार्पण करने एंव स्वास्थ्य सुविधाओं का निरिक्षण करने पहुंची विधायक नंदनी मरावी के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किए ।विधायक एंव सीएचएमओ ने अस्पताल में चल रही सैंपलिग और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया और स्वास्थ्य कर्मियों को जरूरी हिदायतें तथा तैनात विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कोविड-19 से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहां की सिविल अस्पताल सिहोरा ग्रामीण क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है जो नगर की लगभग 54 हजार आबादी के अलावा तीन विधानसभा के अनेक ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराता है इसलिए क्षेत्र के लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दी जाए इसका हर संभव प्रयास किया जाएगा। सीएचएमओ ने अस्पताल की बंद पड़ी एक्स रे मशीन एक सप्ताह के अंदर चालू कराने के निर्देश दिए साथ ही सिविल अस्पताल में कोरोना के गंभीर मरीजों के इलाज हेतु दो




### सिहोरा को शीघ्र मिलेगे दो वेंटीलेटर- सीएमएचओ

वेंटीलेटर शीघ्र भिजवाने का आश्वासन दिया सोनोग्राफी एवं ईसीजी मशीन पूर्व में उपलब्ध करा दी गई हैं जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलना सुनिश्चित किया जाए । अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के संदर्भ में डॉक्टर कुररिया ने कहा कि जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में चिकित्सकों की कमी है फिर भी कोविड केयर के संचालन हेतु स्थानीय स्तर पर आवश्यक स्टॉप की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर सिहोरा के पूर्व विधायक दिलीप दुबे ,अनुविभागीय अधिकारी जेपी यादव, तहसीलदार राकेश चौरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान, राजा मोर ,अरूण जैन,प्रशांत परौहा,मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा , माधव मिश्रा, चीकू तिवारी, विनय जैन, विनय असाटी,अनुपम सराफ ,डाक्टर सुनील लटियार ,नरेश शुक्ला,आशीष सरदार,ऋषभ द्विवेदी सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। ज्ञात हो कि जबलपुर के सांसद राकेश सिंह ने विगत दिवस सिहोरा में आयोजित बैठक में चिक्त्सिकों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ सांसद निधि से एम्बूलेंस देने एवं कोरोना केयर सेंटर शीघ्र खोलने की घोषणा की थी।

### विधायक ने किया कोविड केयर सेंटर का लोकार्पण

कोरोना मरीजों के आइसोलेशन हेतु नगर में आदिवासी बालक छात्रावास एवं कन्या छात्रावास में बनाए गए कोविड केयर सेंटर का लोकार्पण विधायक नंदनी मरावी द्वारा किया गया। कोविड सेंटर में आवश्यक स्टॉप उपलब्ध रहेगा। एवं आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को कोविड केयर सेंटर से अस्पताल में स्विफ्ट भी किया जा सकेगा

### कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

जिला चिकित्सा अधिकारी के सिहोरा प्रवास के दौरान कांग्रेस के प्रवीण पाठक , राजेश चौबे, राजीव दीक्षित,संजय डब्बू पाठक सहित अन्य ने मुलाकात कर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जाने की मांग की जिस पर कुररिया ने कहा कि सिहोरा में संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए 20 बेड का आईसीसीयू वार्ड बनाए जाने प्रस्ताव शासन को भेजा है स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा । चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारीयों की जो दिन रात कोरोना महामारी में लोगों को बचाने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनके इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

### डॉ राघवेंद्र त्रिपाठी को बनाया बीएमओ

विधायक एवं चिकित्सा अधिकारीयों के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि लोगों को कोविड-19 टीकाकरण के लिए जागरूक कर उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित करे। साथ ही उन्होंने कहा कि कोविड-19 के चलते लोगों को अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। साथ ही नगर एवं ग्रामीण में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राघवेंद्र त्रिपाठी को बीएमओ का प्रभार भी सौंपा तथा डॉक्टर दीपक गायकवाड को गोसलपुर एवं मझगवां की कमान सौंपी।

## कुंडम में करोना से एक मृत



**कुंडम /**कुंडम में करोना के चलते एक मृत होने का मामला सामने आया है जिसके चलते कुंडम छेत्र में भय का माहौल बन गया है कुंडम ब्लाक के बबइया ग्राम में एक महिला की मृत्यु कोरोना महामारी के चलते हो गई के बताया जा रहा है की उसका पति भी अन्य बीमारी के चलते जबलपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती है कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव ने बताया की कोरोना के चलते महिला की मृत्यु हो गई है जोकि बबइया ग्राम की निवासी थी जिसका अंतिम संस्कार कोरोना प्रोटोकाल के तहत कुंडम सवग्रह में कराया गया है प्रोटोकाल के तहत अंतिम संस्कार में कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव,कुंडम थाना प्रभारी प्रताप सिंह,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुंडम ओमकार सिंह ठाकुर,नीरज मिश्रा,कुंडम सचिव अम्बिका तिवारी,सहायक सचिव सचिन साहू, सहित शासकीय अमला मौजूद रहे। वही कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव द्वारा अपने भृमण के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वाले दुकानदारो के ऊपर कारवाही की जिसमे ग्राम चोरई में दो दुकानों को एवं पडरिया ग्राम में भी दो दुकानों को शील कर कार्यवाही की गई।

# इंडियन बैंक बघराजी के द्वारा नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**बघराजी।** इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक दिनेश चौधरी द्वारा बघराजी क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ और शासन-प्रशासन मोन बघराजी क्षेत्र पिपरिया टिकरिया पटना लेसर डबरा सनावल रोरिया कल्याणपुर एवं बघराजी के लोगों ने इंडियन बैंक के मैनेजर दिनेश चौधरी की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा विरोध जताया है बैंक के खाताधारकों से अभद्र व्यवहार कर भटकाया जाता है बघराजी के व्यापारी भी शाखा प्रबंधक से रूस्ट सरकारी कर्मचारी शाखा प्रबंधक से परेशान ना समय पर कोई काम किया जाता सिर्फ भटकाया जाता है बघराजी के राकेश साहू देवीलाल साहू कुलदीप सिंह पटेल अरविंद तिवारी पांडे जी दीपक बर्मन सहित सैकड़ों लोगों ने मांग की है कि बघराजी इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक को तत्काल हटाया जाए अन्यथा हम अपने खाता यहां पर हटा लेंगे मजबूरी बस इंडियन बैंक की शाखा बघराजी में चला रहे है क्योंकि दूसरा कोई बैंक नहीं होने के कारण हमें बेहद ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मैनेजर दिनेश चौधरी रोज रोज हमें भड़काता है खाता खोलने में आनाकानी करते हैं पैसा निकालने जाओ तो आनाकानी करते हैं जमा करने जाओ तो आनाकानी करते हैं सरकारी कर्मचारी अपने लाभ नहीं ले पा रहा है क्योंकि उन्हें डांट कर भगा दिया जाता है निराश्रित पेंशन के भटकाया जाता है जिससे ग्रामीण जन परेशान अनेक बार शिकायत करने के बाद भी शाखा प्रबंधक ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है कोई को लोन का फार्म लेना है तो किसी को लोन की जानकारी लेना है तो शाखा प्रबंधक डांट कर भगा देता है सरकारी कर्मचारी अपने लोन लेने के लिए जाता है शाखा प्रबंधक अभद्र भाषाओं का प्रयोग करता है इकलौती बैंक होने का शाखा प्रबंधक नाजायज फायदा उठा रहा है जितने बघराजी क्षेत्र की जनता बेहद नाराज है कलेक्टर जबलपुर एवं इंडियन बैंक जबलपुर उच्चाधिकारियों से मांग की जा रही है कि इंडियन बैंक शाखा के मैनेजर दिनेश चौधरी को तत्काल यहां से हटाया जाए।

## जबेरा विधायक ने तेन्दूखेडा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को दी एम्बुलेंस

**तेंदूखेडा-** बर्तमान में कोरोना महामारी चल रही है लेकिन मरीजो के लाने ले जाने हेतु कोई बाहन नही था जिससे मरीजो को परेशानी का सामना करना पड रहा था जिसको देखते हुए जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा विधायक निधि लागत 12.50 लाख की सर्व सुविधा युक्त एम्बुलेंस प्रदान की है इसके लिए नगर एवं क्षेत्रवासियो ने विधायक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस की सुविधा होने से लोगो को स्वास्थ्य लाभ होगा एवं बिधायक की ने पूजन एवं हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चेतन जैन,सुरेश चंद जैन,डॉक्टर परम सिंह लोधी विवेक जैन ,मंडल उपाध्यक्ष राजीव,मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, माधवेन्द्र सिंह तहसीलदार मोनिका बाघमारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद जैन, राहुल गंगरा स्वास्थ्य विभाग से प्रमोद मेहरा, योगेश जाट सतीश बर्मन, सतीश बर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिंवस पर पौधारोपण




**गढ़ाकोटा,।** गढ़ाकोटा कोविड-19 सेंटर से मां भागवती बाई पति स्वर्गीय धर्मदास जी एवं 10अन्य लोग स्वस्थ होकर अपन अपने घर रवाना हुए, अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के शुभ अवसर पर कोविड-19 केयर सेंटर गढ़ाकोटा में पंडित अभिषेक भार्गव युवा भाजपा नेता के नेतृत्व में कोविड-19 केयर सेंटर के प्रागण में पौधारोपण एवं केयर सेंटर में कार्यरत समस्त डॉक्टर नर्स एवं वार्ड बॉय सेवारत कर्मचारी भोजन व्यवस्था कर रहे बशीर भाई जान को उपहार भेंट कर सम्मानित किया इस समारोह कार्यक्रम में पंडित अभिषेक भार्गव एवं गढ़ाकोटा तहसीलदार कुलदीप पाराशर , डॉ श्री राज सोनी प्रभारी कोविड केयर सेंटर द्वारा कोरोना संक्रमित मरीजों की सेवाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया इस अवसर पर शैलेंद्र कुशवाह प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा अखिलेश कुशवाहा आर्मी मैन अमित पियासी सचिन जैन हीरालाल प्रजापति, दीपक बर्मन शिवम दुबे डॉ मिश्रा एवं महिला चिकित्सक, नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।पुरुषोत्तम पटेल अधिमान्य पत्रकार मां के स्वस्थ होकर घर वापस आने परएंबुलेंस चालक जनरेटर चालक सफाई कर्मचारी एवं पंडित गोपाल भार्गव कैबिनेट मंत्री, पंडित अभिषेक भार्गव प्रभारी डॉक्टर राज सोनी जी एवं समस्त चिकित्सक नर्स, वार्ड बॉय नगर पालिका कर्मचारी मित्रों की प्रार्थना एवं सेवा भाव, के लिए स्थानीय देवी देवताओं की कृपा से आज मेरी मां पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर वापस घर आ गई समस्त कुशवाहा परिवार, आप सभी का आभार व्यक्त करता है।

## घर पर रहकर ही मनायें परशुराम जंयती

सिहोरा- ब्राम्हण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम का अवतरण दिवस सभी विप्र जनों से घर पर ही रहकर मनाने का आव्हान ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक ने किया है । कोरोना संक्रमण एवं गाइडलाइन के कारण अक्षय तृतीया 14 मई को हमारे इष्ट भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पूजन सामूहिक रूप से एकत्रित होकर कर पाना सम्भव नहीं है अतः आप सभी से निवेदन है कि घर पर ही परिवार सहित पूजन.. अर्चन.. हवन का कार्यक्रम संपन्न करें ।

## नहीं हो रही नगर की साफ सफाई ना ही सीएमओ का अतापता

**तेंदूखेडा।** इन दिनों कोरोना काल के कारण साफ सफाई पर खास ध्यान दिया जा रहा है संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न शहरों में सेनेटाइजेशन हो रहा है लेकिन तेंदूखे?ा नगर की बात करे तो यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था बुरी तरह गडबडा गई है जिससे नगर में हर और गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस और कतई ध्यान नहीं दिया जा रहा है नगर वासियों की मांग है कि कोरोना काल में नगर की साफ सफाई व्यवस्था का सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाए और नगर की अंदरुनी मार्गो पर भी गंभीरता से अंदर जाकर नालियों और स?कों पर साफ सफाई की जाए हर गली मोहल्ले की सफाई कराई जाए जिससे न सिर्फ नगर साफ स्वच्छ रहेगा बल्कि कीटों मच्छर मक्खियों से राहत मिल सकें इससे बीमारियों के बढने की संभावना भी कम



होगी नगर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद से लेकर उसके कर्मचारी भी उदासीन है इसी उदासीनता के चलते सफाई के अभाव में नगर की विभिन्न स?कें व नालियां कचरे पॉलीथिन एवं गंदगी से अटी पडी है गंदगी के कारण नगर में कीट पतंगों के साथ साथ मच्छरों की तादाद में लगातार बढोतरी हो रही है जिससे लोगों को मच्छर मख्खी जनित बीमारियों का भय सताने लगा है नगर परिषद के सामने ही कई बार कचरे का ढेर नजर आता है जो तीन तीन दिन तक लगा रहता है इसी तरह राकेश नामदेव के घर के पास बजरंग बाण चौराहा मस्जिद वाली रोड आदिवासी मोहल्ले राजा ठाकुर ने बताया कि हमारे घर के पास निकलने तक की जगह नहीं आज तक साफ सफाई नहीं की गई है और अभी कोरोना महामारी चल रही है लेकिन नगर परिषद में सिर्फ दिखावे की साफ सफाई की जाती है तथा नगर के जो?ने वाले मार्ग वार्ड 1 से लेकर 15 सभी वार्डों में गंदगी नजर आती है सबसे बडी बात तो यह है तेंदूखे?ा नगर के मुख्य मार्गों पर भी सुबह के समय कभी कभार साफ सफाई की जाती है या फिर लोगों की दुकानों के सामने कचरे के ढेर लगा दिए जाते हैं जिससे लोगों को बदबू से परेशान होना पडता है सहित विभिन्न गलियां तथा नालियां कचरे से अटी पडी हुई है।

## सफाई कर्मचारियों का स्वागत वंदन अभिनंदन आभार- कुशवाहा



गढ़ाकोटा, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से ल?ने के लिए हराने में सफाई कर्मचारियों का सबसे बडा हाथ है ,हमे सुरक्षित रखने बागवान वृद्ध आश्रम कोविड-19 केयर सेंटर गढ़ाकोटा में इन तमाम साथियो को हमारा सैलूट जो डॉक्टर राज सोनी एवं समस्त चिकित्सक नर्सेज वार्ड बॉय मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कर केयर सेंटर में साफ-सफाई कर स्वच्छता बनाए हुए हैं जिसका उदाहरण छाया चित्रों के माध्यम से आप सभी के समक्ष प्रस्तुत है साथ देकर कोरोना की जंग जीतने में इनका बेजोड बिना रुके थके काम कर ने का अंदाज निराला है ना कोई गिला ना कोई शिकवा ऐसे जाबाजो को कुशवाहा समाज की ओर से हार्दिक नमन शैलेंद्र कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा, पुरुषोत्तम लाल काछी अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार एवं समस्त कुशवाहा परिवार, कोरोना को विड केयर सेंटर के प्रभारी डॉ राज सोनी की ओर से धन्यवाद।।

## भूख के खिलाफ आजाद सेना ने छेड़ी जंग




### जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे युवा राशन किट

**पाटन।** कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन के द्वारा कोरोना कर्फ्यू लगाया है इस कोरोना कर्फ्यू के चलते वे लोग जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है दोहरी मार झेल रहे हैं कई परिवारों को 2 वक्त रोटी का प्रबंध करना मुश्किल हो रहा है ऐसे में इन जरूरतमंदों की भूख मिटाने पाटन के कुछ युवा आजाद सेना के बैनर तले भूख ले खिलाफ मैदान में उतर चुके हैं।आजाद सेना के सदस्य ऐसे तमाम जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच रहे हैं जिन्हें भोजन की आवश्यकता है और इन्हें राशन किट प्रदान की जा रही है। आजाद सेना के संयोजक पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर बताते हैं कि आजाद सेना पाटन में लगातार जरूरतमंदों तक पहुंच रही है हमारा लक्ष्य प्रत्येक परिवारों तक सूखा राशन पहुँचाना है ताकि कोई भूखा न रहे आजाद सेना ने जो किट तैयार की है उस मे 15किलो गेहू 5 किलो चावल 2 किलो दाल 1 किलो नमक है जिसे अभी तक पाटन नगर में 125 परिवार और ग्रामीण क्षेत्रों में 75 परिवार ऐसे है जिन तक यह राशन पहुँचाया जा चुका है जिसमे 50 दिव्याग परिवार भी है आजाद सेना की इस पहल में लोगो का भरपूर सहयोग मिल रहा है और लोग स्वयं आगे आकर अपना सहयोग दे रहे है।

## नि:शुल्क चाय काढा वितरण निश्चित ही प्रसंशनीय कार्य

**अनूपपुर/** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में संचालित कोविड सेन्टर अनूपपुर में विगत कई दिनों से सेवा भारती द्वारा करोना के मरीजों एवं उनके परिजनों को चाय, काढा एवं गरम पानी के वितरण का कार्य बडे ही सेवा भाव से किया जा रहा है। सेवा भारती के स्वयं सेवक राजेन्द्र तिवारी, डॉ. देवेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी बडे ही आत्मीय ढंग से इस कार्य को सम्पादित करते है । विगत दिनों मेकल क्लब परिवार ने कोविड सेन्टर में चल रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया । जहां सेवाभारती द्वारा संचालित इस काढा चाय केन्द्र का अवलोकन किया तथा क्लब के सदस्यों ने काढा एवं चाय का सेवन भी किया। चाय एवं




काढा अत्यंत गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इस महामारी के दौरान जहां लोग कोविड सेन्टर जाने में डरते है घर के अन्दर बैठकर लोगो को नसीहत का पाठ पढाते है वही सेवाभारती के जाबांज स्वयंसेवक पीडित मानव की सच्ची सेवा कर रहे है। सेवा भारती के इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। भ्रमण कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश द्विवेदी एवं मेकल क्लब के अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, एवं डा0 ए.विश्वास,रामनारायण पटेल, परेश गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, मनोज शर्मा,के साथ ही साधना न्यूज के चीफ ब्यूरो बीजू थामस जी ने कोविड सेन्टर का जायजा लिया।

## 30 फुट गहरे कुंए में गिरा बैल



चरगवॉं । कल रात एक बैल 30 फुट गहरे कुएं में जा गिरा । ग्रामीणों ने रस्सा एवं ट्रैक्टर की मदद से उसे निकाला। बेल को दोनों आंखों से दिखाई भी नहीं देता है।

## विधायक योगेन्द्र सिंह द्वारा स्वास्थ केन्द्र धूमा में पहुंचाई आवश्यक सामग्री



धूमा। क्षेत्रीय विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा के प्रयाशो से स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र धूमा में 10 बिस्तरों की सामग्री व अन्य आवयक सामग्री के साथ पहली खेप आज धूमा पुहुचाई गई है जैसा कि पूर्व में लखनादौन क्षेत्र में धूमा, घंसौर, लखनादौन सहित विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों कोविड महामारी के चलते अस्पतालो में भर्ती मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त सामग्री की पहली खेप पुहुचाई गई हैं जिसके लिए क्षेत्रीय जनता की ओर से विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा जी का हार्दिक आभार सादुवाद ज्ञापित किया है स्वास्थ केंद्र धूमा में दो आँक्सीजन काँसेन्टर मशीन, 10बेड, मास्क गिलब्ज आदि की पहली पहुँचाये जा रहे है जहाँ पैरामेडिकल स्टा? के महेंद्र पाठक , गोबर्धन इबने, जितेंद्र सण्डे ,बिमला कुडोपा, इमला बघेल ,नवनीत नामदेव, रेखा झारिया ,रजनी सरयाम, एबं समस्त स्टा? पंकज जैन(शिक्षक) एवं काँग्रेस कमेटी के लोकप्रिय विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा के निर्देशन पर युवा नेता श्रीओम शिवहरे , हिमांशु(मोनू) तिवारी आदि की उपस्थिति में उक्त सामग्री धूमा स्वास्थ केन्द्र में पुहुचाई गई।

## शहर के यह कोरोना योद्धा हम सबके बने रक्षक

### राजस्व, पुलिस थाना,नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग का विशेष योगदान

**गोटेगांव ।** देश में कोरोनावायरस कोविड-19 देशभर में कोहराम मचा रही वहीं दूसरी ओर और हमारे कोरोना योध्दा इस वायरस से लड़ते हुए अपना फर्ज निभाने से नहीं मुकर रहे हैं । गोटेगांव शहर वासियों एवं आसपास के लगे ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों की रक्षा के लिए दिन रात एक कर हम सब की रक्षा कर रहे हैं राजस्व विभाग , पुलिस थाना, नगर पालिका परिषद एवं स्वास्थ्य कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर हम सभी लोगों की रक्षा कर रहे हैं गोटेगांव प्रशासन को आम लोगों का भी सहयोग मिल रहा है कुछ आवारा तत्व है जो बेवजह अपने घर से निकल कर सड़कों पर घूमते हैं जिनको हमारे गोटेगांव नगर की पुलिस पकड़ कर गोटेगांव थाने ले जाकर आवारा घूमने पर खुली जेल की भी हवा खिला रही हैं । इसलिए लोग बेवजह अपने घरों से ना निकले इस महा भयंकर बीमारी से लड़ने के लिए हमको अपने घरों में ही रहना होगा तभी हम सब इस बीमारी से लड़ सकते हैं घर पर रहें सुरक्षित रहें।. एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई, सब इंजी. नपा,बीएमओ का विशेष योगदान।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2.0 की घोषणा की

**बैंगलोर।** सर्वोच्च स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली सेवा मुहैया कराने की प्रतिबद्धता से संचालित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएम ने आज कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2.0[ की घोषणा की। इसका मकसद अनिश्चित समय में ग्राहकों को सहायता के साथ.साथ एक भरोसे का आश्वासन देना है।

सहायता को अधिकत्तम करने के उद्देश्य और ष्ग्राहक सबसे पहलेष् के दर्शन के क्रम में कंपनी ने ढेर सारी पहल की घोषणा की है। इससे बाधामुक्त रख.रखाव और निम्नलिखित लाभ सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है टीकेएम ऐसे उपाय लागू करती रही है ताकि कोविड.19 संक्रमण का फैलाव रोकने में सहायता मिले। इस कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2.0 के भाग के रूप में कंपनी टोयोटा बैकटाक्लेंज की पेशकश कर रही है। यह एक गैर रासायनिक धूमन उपचार है और टोयोटा के साथ.साथ गैर टोयोटा वाहनों के लिए भी विशेष कीमत पर उपलब्ध है। इसके अलावाए सभी डीलरशिप से कहा जा रहा है कि सख्ती से प्रीवेंटिव प्रोटोकोल का पालन करें और इसके लिए सुरक्षा तथा हाईजीन व्यवहार के सर्वोच्च मानकों को अपनाएं। टीकेएम कांटैक्टलेस सर्विस को भी प्रोत्साहित कर रही है। इसके तहत ग्राहक टी कनेक्ट मोबाइल ऐप्पए व्हाट्सऐप्प या वेबसाइट के जरिए सर्विस अप्वाइंटमेंट बुक कर सकते हैं तथा पिकअप और ड्रॉप सेवा का चुनाव कर सकते हैं। डीलरशिप ग्राहक की आवश्यकताओं की पूर्ति की हरसंभव कोशिश करेगा और ग्राहक को खुश करेगा। इसके अलावाए खड़ी गाड़ियों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने के लिए सघन आउटरीच कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत ग्राहकों को समय.समय पर रख.रखाव के काम कराने का महत्व भी बताया जाता है।

नई घोषणा पर टिप्पणी करते हुए नवीन सोनी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट टीकेएम ने कहाए श्इस महामारी के दौरान ग्राहकों को हो रही भारी मुश्किलों और इसके साथ आई अनिश्चितताओं से हम वाकिफ हैं। हमारा श्कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2ण्0श् इस दिशा में एक कदम है ताकि भरोसा बने और हमारे ग्राहकों को हमारी प्रतिबद्धता मालूम हो। इसके तहत ग्राहक सुविधा के लिए सीवनहीन संचार और बाधामुक्त प्रक्रियाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि ग्राहकों को सुविधा हो और उन्हें परम सुरक्षा मिले। हमारे ग्राहकों की सहायता करने के लिए डीलरशिप अपनी कोशिशें जारी रखेंगे और एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक के रूप में हम अपनी सहायता का विस्तार कर रहे हैं ताकि फ्रंटलाइन वॉरियर्स द्वारा उपयोग में लाए जा रहे वाहनों के सैनिटाइजेशन की व्यवस्था हो सके। इस मौके का लाभ उठाते हुए हम अपने ग्राहकों से यह आग्रह भी करेंगे कि घर पर रहें और सरकार द्वारा घोषित दिशा निर्देशों का पालन करें।' जिन शहरों राज्यों में लॉकडाउन या आवाजाही पर प्रतिबंध लागू है वहां मियाद निकल जाने की स्थिति में इन उत्पादों प्रोग्राम की वैधता एक महीने तक रहेगी।

## डांस दीवाने में माधुरी दीक्षित के प्यारे अंदाज ने दिलायी सरोज खान की याद



**एजेंसी।** माधुरी दीक्षित ने हमेशा ही अपने नृत्य कौशल से सबको मंत्र-मुग्ध किया है और ऐसा होना तो लाजिमी है क्योंकि वह इस क्षेत्र की बेहतरीन, महान डांसर सरोज खान को अपना आदर्श मानती हैं। इन दोनों ने बॉलीवुड के अब तक के सबसे यादगार और पसंद किये गये डांस परफॉर्मेंस दिये हैं। इस बार कलर्स के 'डांस दीवाने' में सिजा और पल्लवी की डांस परफॉर्मेंस को देखकर माधुरी को अपनी मास्टरजी सरोज खान की याद आ गयी। उनकी यह परफॉर्मेंस माधुरी के लिये थी। 'तबाह हो गए' पर उनकी जबर्दस्त परफॉर्मेंस को देखकर माधुरी और बाकी सारे जज हैरान रह गये। उनका परफॉर्मेंस देखकर माधुरी दीक्षित भावुक हो गयीं और उन्होंने कहा पल्लवी और सिजा अपने डांस मूव्सी में इतनी कमाल की थीं कि उन्हें सरोज खान की याद आ गयी। माधुरी दीक्षित कहती हैं शानदार परफॉर्मेंस। आपका डांस देखकर ऐसा लगा कि साक्षात सरोज जी मेरे सामने खड़ी हैं। 'तबाह हो गए' सरोज जी के साथ मेरा आखिरी गाना था। वो यादें जब उन्होंने मुझे डांस सिखाया था आज फिर से ताजा हो गयीं। मुझे आज भी याद है अच्छी परफॉर्मेंस के लिए वो 101 रूपये का ईनाम देती थीं। आज उनकी ओर से मैं आप दोनों को 101 रुपये का पुरस्कार देना चाहती हूं। माधुरी दीक्षित इतनी भावुक हो गई कि उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। खैर, इसे कहते हैं डांस की ताकत! डांस दीवाने में इन घटनाओं से पर्दा उठेगा इस शनिवार और रविवार रात 9 बजे केवल कलर्स पर।

सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।



# फैंस हुए लट्टू



### सपना चौधरी को दुल्हन के लिबास में देखकर फैंस हुए लट्टू, कहा- वास्तव में बहुत सुंदर हैं, फोटोज वायरल

सपना चौधरी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों एंड टीवी के एक क्राइम शो मौका-ए-वारदातमें रवि किशन और मनोज तिवारी के साथ शो को होस्त करती हुई भी नज़र आ रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड में दोस्ती के साइड इफेक्ट्स फिल्म से डेब्यू किया था।

नई दिल्ली। हरियाणवी डांसर सपना चौधरी न सिर्फ अपने डांस से बल्कि अपने सोशल मीडया पर पोस्ट किए गए वीडियोज से भी फैंस को एंटरटेन करती रहती हैं। सपना का हर अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना देता है। फिर चाहे वो अंदाज उनका मॉडर्न हो या फिर देसी हो। वह इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव नजर आ रही हैं। आए दिन उनकी लेटेस्ट तसवीरें और वीडियो फैंस के बीच चर्चा में बने रहते हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर लाखों लोग फॉलो करते हैं। इसी बीच सपना अब सपना चौधरी ने अपने नए नए फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वह दुल्हान के लिबास में नजर आ रही हैं। यहां देखिए सपना चौधरी की तस्वीरें... सोशल मीडिया क्वीन यानी सपना चौधरी के लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें काफी धमाल मचा रही हैं। इस बार सपना दुल्हान की तरह सजी संवरी नजर आ रही हैं। उन्होंने ऑरेंज रंग के लहंगे में फोटोशूट कराया है। उनका ये ट्रेडिशनल लुक उनके फैंस को खूब भा रहा है। सपना का ये लुक उनके अबतक के उनके सभी लुक्स से भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सपना ने अपना फोटोशूट घर पर कराया है। वह बालकनी में अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। उन्होंने इस लहंगे के साथ हैवी ज्वैलरी कैरी की है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही सपना ने कैप्शन में लिखा, %चिंता करने से आपकी कल की परेशानियां दूर नहीं हो जाएंगी। ये आज की शांति को भी भंग कर देंगी। सपना की इन तस्वीरों को अबतक हजारों लोग लाइक कर चुके हैं। वहीं फैंस लगातार कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया रहे हैं। कोई उन्हें बेहद ही खूबसूरत बता रहा है तो कई यूजर हार्ट और फायर वाली इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते ?हुए लिखा, आप बहुत सुंदर हो...।

# रेमडेसिविर की जगह इस शख्स ने गुस्से में सबके सामने लिया रेमो डिसूजा का नाम



रेमो डिसूजा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर दिलचस्प पोस्ट शेयर करते नजर आते हैं। इसी बीच रेमो एक वीडियो के चलते अचानक की सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर एक बेहद मजेदार वीडियो शेयर किया है।

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के फेमस डांस कोरियोग्राफर और फिल्ममेकर रेमो डिसूजा ने अबतक के अपने करयिर में कई दिग्गज स्टार्स को कोरियोग्राफ किया है। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर दिलचस्प पोस्ट शेयर करते नजर आते हैं। इसी बीच रेमो एक वीडियो के चलते अचानक की सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर एक बेहद मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक शख्स COVID-19 इंजेक्शन और घूसखोरी पर बात कर रहा है और इस दौरान गुस्से में उसने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसे सुनकर आपको भी हंसी आ जाएगी। कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक शख्स मीडिया से बात करते हुए नजर आ रहा है। वह शख्स 500 रुपए, घूसखोरी और रेमडेसिविर इंजेक्शन को लेकर बात कर रहा है। वीडियो में बात करते वक्त आप देख सकते हैं वह मौजूदा हालत को लेकर काफी नाराज दिख रहा है। लेकिन तभी गुस्से में बात करते-करते उसके मुंह से रेमडेसिविर की जगह रेमो डिसूजा का नाम निकल जाता है। वहीं आप देख सकते हैं कि रेमडेसिविर की जगह रेमो डिसूजा बोलने के बाद वह शख्स अपनी गलती को सही भी नहीं करता है और बोलता चला जाता है। वीडियो में वह शख्स किसी रिपोर्टर से बात करते हुए कहता है- 500 रुपए इस देश के अंदर अफसर घूसखोरी खा जाते हैं, 500 रुपए में इंजेक्शन आ रहा है?... रेमो डिसूजा जो आ रहा है, उसकी कीमत 5 हजार रुपए है... आप 500 रुपए दे रहे हैं। रेमो को इस वीडियो में ये बात बहुत फनी लगी है, जिसके बारे में उन्होंने कैप्शन में बताया है। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, इस वीडियो के अंत को मिस मत करना #justforlaugh'। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अबतक इस वीडियो को काफी लाइक, कमेंट्स और शेयर मिल चुके हैं। वहीं रेमो के इस पोस्ट पर उनके फैंस के साथ-साथ कई सेलेब्रिटीज की भी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

# बेहद घिनौना है कि अधेड़ उम्र में आदमी...



### प्रियंका चोपड़ा की जेठानी सोफी टर्नर पैपराजी की इस हरकत से हुईं परेशान, बोलीं- ये बेहद घिनौना है कि अधेड़ उम्र में आदमी...



नई दिल्ली। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का भी एक फेमस चेहरा हैं। प्रियंका अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। प्रियंका ने अमेरिकन पॉप सिंगर निक जोनस संग शादी की है। शादी के बाद दोनों काफी सुर्खियों में रहते हैं। प्रियंका की तरह की उनकी जेठानी सोफी टर्नर भी एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। इसी बीच सोफी फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा की जेठानी सोफी टर्नर पैपराजी से नाराज हैं। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। यहां देखें वीडियो...सोफी टर्नर और उकने पति जो जोनस अपनी बेटी विला जोनस को लाइम लाइट से दूर रखना चाहते हैं। वहीं हाल ही में जब जो जोनस और उनकी पत्नी सोफी टर्नर अपनी बेटी विला को बाहर लेकर निकलीं तब उनके पीछे पैपराजी पड़ जाते हैं। यही नहीं और बिना उनकी इजाजत उनकी बेटी की फोटोज लेने लगते हैं। इस बात से वह काफी दोनों काफी नाराज हैं। अपनी नाराजगी को जाहिर करते हुए सोफी टर्नर ने अपनी अपनी इंस्टा स्टोरी पर वीडियो शेयर किया है इस वीडियो में उनका चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा है। वह काफी अंधेरे में नजर आ रही हैं। वीडियो में सोफी टर्नर कहती हैं- %मैं अभी सोकर उठी हूं। मुझे लगता है कि कल कुछ पैपराजी मेरी बेटी की तस्वीरें लेने में सफल हो गए हैं। मैं बस इतना ही कहना चाहती हूं कि मैं अपनी बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर रही हूं। साथ ही मेरी पूरी कोशिश होती है कि मैं अपनी बेटी को किसी भी हालत में पैपराजी से बचा कर रखूं। इसका कारण यह है कि मैं मेरी बेटी की तस्वीरें मीडिया में नहीं देखना चाहती।सोफी टर्नर आगे कहती हैं, %वह मेरी बेटी है। उसने इस जिंदगी को नहीं मागा था और ना ही फोटोज खिंचवाना चाहती थी। ये बहुत ही घिनौना है कि एक अधेड़ उम्र में आदमी एक बच्ची की तस्वीरें खींच रहे हैं, वो भी उसकी मर्जी के बिना। मुझे इस बात से घिन्न आती है और मैं आप सभी से सम्मानपूर्वक आग्रह करती हूं कि कृपया हमारा पीछा करना छोड़ दें और मेरी की तस्वीरें खींचना और खासकर उन्हें प्रिंट करना बंद करें। यह बेहद घिनौना है और आपको मेरी इजाजत बिल्कुल नहीं है।

# किसी फ़िल्मी परिवार से नहीं हूं, जो फ्लॉप के बावजूद काम मिलता रहता- ज़रीन ख़ान

नई दिल्ली। ज़रीन ख़ान ने सलमान ख़ान के साथ बॉलीवुड में ड्रीम डेब्यू किया था। 2010 में आयी अनिल शर्मा निर्देशित वीर में उन्होंने राजकुमारी यशोधरा का किरदार निभाया था। हालांकि, यह फ़िल्म बॉक्स ऑफ़िस पर नहीं चली थी। तब से अब तक, इंडस्ट्री में ज़रीन को 11 साल पूरे हो चुके हैं, मगर ज़रीन के करियर की गति उनके भव्य डेब्यू के अनुरूप नहीं रही। इस बीच उन्होंने लगभग 10 फ़िल्मों में काम किया है, जिनमें पंजाबी और दक्षिण भारतीय फ़िल्में भी शामिल हैं। ज़रीन हाल ही में डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज़ हुई फ़िल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले में नज़र आयी हैं।इस फ़िल्म में उन्होंने अपनी इमेज से बिल्कुल अलग किरदार निभाया है, जिसे वो ऐसे फ़िल्ममेकरों के लिए एक संदेश के तौर पर देखती हैं, जिन्होंने उनकी अदाकारी के हुनर से ज़्यादा उनमें ग्लैमर को देखा। 14 मई को उम्र के 34वें पड़ाव पर पहुंच रहीं ज़रीन ने जागरण डॉटकॉम के साथ अपनी इस फ़िल्म, पुरानी ग़लतियों और भावी योजनाओं के बारे में खुलकर बात की।

हम भी अकेले तुम भी अकेले में एक लेस्बियन किरदार को चुनने के पीछे क्या वजह रही?

इस किरदार को ना कहने के लिए कोई वजह थी ही नहीं। जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी थी, तब ही मेकर्स से अनुरोध किया था कि मुझे इस फ़िल्म का हिस्सा बनाइए। हालांकि, वो इसको लेकर बहुत उत्सुक नहीं थे। फिर ऑडिशन हुए और इसके बाद मैं फ़िल्म का हिस्सा बनी। हम भी अकेले तुम भी अकेले, दो दोस्तों की प्यारी सी कहानी है, जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। मानसी का किरदार निभाकर मुझे बहुत संतुष्टि मिली है, क्योंकि मुझे यक़ीन है कि दर्शकों पर अपना प्रभाव छोड़ेगा।

अभी आपने कहा कि मेकर्स मानसी के किरदार में आपको लेने के इच्छुक नहीं थे? ऐसा क्यों?

दरअसल, मैंने इससे पहले जो भी काम किया है, उनमें मेरे किरदार ग्लैमरस थे। इस तरह का किरदार पहले कभी निभाया नहीं था। इसलिए हम भी अकेले तुम भी अकेले के मेकर्स हिचक रहे थे। सिर्फ़ ये नहीं, इंडस्ट्री में बहुत से लोग मेरे बॉडी ऑफ़ वर्क को लेकर, मेरी इमेज को लेकर आशंकित रहते हैं। मैं उन सभी लोगों को यह दिखाना चाहती थी कि मैं सिर्फ़ ग्लैमरस नहीं हूं।

इस फ़िल्म में मानसी एक झल्ली-सी लड़की है। वो अपने लुक्स पर ध्यान नहीं देती। मेकअप नहीं करती। खाने-पीने की शौकीन है। इस किरदार के लिए मैंने थोड़ा वेट भी बढ़ाया। कैरेक्टर में दिखने के लिए जिम जाना बंद कर दिया था। कुछ लोग मेरे बारे में सोचते रहते हैं कि ऐसे किरदार मैं करूंगी या नहीं करूंगी। उस वजह से मुझे मौक़े नहीं मिले। मुझे ख़ुशी है कि अंशुमन (सह कलाकार और निर्माता) और हरीश सर (निर्देशक हरीश व्यास) ने मुझे यह मौक़ा दिया।

...तो आपको यह लगता है कि इंडस्ट्री में आपके टैलेंट का पूरा इस्तेमाल नहीं किया गया?

बिल्कुल नहीं किया गया है। उम्मीद करती हूं कि इस फ़िल्म के बाद लोग मुझे अलग तरह से देखेंगे। मेरी तरफ उनका जो नज़रिया है, वो बदलेगा और मुझे अलग-अलग तरीक़े के रोल ऑफ़र होंगे। दमदार रोल मिलें, जिनमें अभिनय की दरकार हो। सिर्फ़ हीरोइन की तरह ख़ूबसूरत दिखने का काम ना हो। आगे अपने करियर को लेकर सोचा तो बहुत कुछ है, मगर जब तक लोगों का नज़रिया नहीं बदलेगा, तब तक कुछ नहीं बदलेगा।



मानसी के किरदार में आप काफ़ी बेबाक़ और बेतकल्लुफ़ नज़र आ रही हैं। कहीं-कहीं इसमें जब वी मेट की गीत की झलक दिखती है। क्या ऐसा जान-बूझकर किया गया है?

ऐसा तो कुछ नहीं सोचा था। मानसी का किरदार मैंने उसे अपनी जगह रखकर निभाया है, क्योंकि मानसी के सेक्सुअल ओरिएंटेशन को छोड़ दें, तो बाकी सब कुछ मेरे जैसा ही है। मानसी जिस तरह बात करती है। जैसे चलती है। मैं रियल लाइफ़ में वैसी ही हूं। बहुत सारे लोगों को मेरे बारे में नहीं पता, क्योंकि मैं जो स्क्रीन पर दिखती हूं, लोग मुझे वही समझते हैं। लेकिन, जो मेरे दोस्त हैं, जो मुझे क़रीब से जानते हैं, उन्हें पता है कि इस फ़िल्म में स्क्रीन पर वो जिसे देख रहे हैं, वो मैं ही हूं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आपका डेब्यू हो गया। आगे इस उभरते हुए प्लेटफॉर्म को लेकर क्या योजनाएं हैं?

मुझे लगता है कि ओटीटी एक वरदान की तरह है। पिछले साल लॉकडउन में ओटीटी ने ही ऑडिएंस को एंटरटेन किया है। ओटीटी ने मेरे जैसे लोगों के लिए बहुत सारे अवसर मुहैया करवाये हैं। अलग-अलग तरह के दर्शकों के लिए कंटेंट आ रहा है। मनोरंजन का इवोल्यूशन हुआ है। मुझे भी ओटीटी पर ऑफर आ रहे हैं। एक बार हालात ठीक हो जाएं, तो फिर शूटिंग शुरू होगी। आगे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ज़्यादा दिखूंगी। मैंने एक फ़िल्म अभी पूरी की है, जो वेब फ़िल्म ही है। यह हॉरर कॉमेडी है। अभी लॉकडाउन की वजह से सब बंद पड़ा है। उसका पोस्ट प्रोडक्शन डबिंग वगैरह बाकी है। जून में रिलीज़ करना चाहते थे, मगर अभी सब बंद है।

किस तरह की फ़िल्में करना चाहती हैं और किस जॉनर में फ़िल्में करना पसंद है?

मेरा अरमान है कि हर तरह के जॉनर की फ़िल्में करूं। अलग-अलग किरदार निभा सकूं। ताकि हर फ़िल्म के साथ ऑडिएंस को कुछ नया दे सकूं। हां, कॉमेडी जॉनर में और ज़्यादा काम करना चाहती हूं। ऐसी फ़िल्में करना चाहती हूं, जहां मुझे ख़ुद एक्शन करने को मिले। हाउसफुल में मैंने काम किया था, मेरा रोल उतना बड़ा नहीं था। एक पूरी कॉमेडी फ़िल्म करना चाहती हूं।

आपने सलमान ख़ान की हीरोइन के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू किया, मगर उसके बाद आपका करियर थम-सा गया। क्या आप फ़िल्मों को लेकर चूज़ी हो गयी थीं?

जब मैं इंडस्ट्री में आयी थी तो मेरी बहुत आलोचना हुई थी, जिसकी वजह से मुझे ज़्यादा काम नहीं मिल पाया। लेकिन, उम्मीद नहीं खोई। मैंने अपना सफ़र जारी रखा। जैसे-जैसे काम मिलता रहा, करती रही। मैं यह अच्छी तरह जानती थी कि मैं किसी फ़िल्मी परिवार या इंडस्ट्री की प्रभावशाली बैकग्राउंड से नहीं आती, जो लगातार फ्लॉप फ़िल्में देने के बावजूद मुझे काम मिलता रहेगा। वो कहते हैं ना कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंकर पीता है, मेरे साथ वही हुआ।

इंडस्ट्री में करियर शुरू करते वक़्त ऐसी क्या ग़लती है, जिसे मौक़ा मिले तो दुरुस्त करना चाहेंगी?

इंडस्ट्री में जब आयी थी, तो बहुत ही खोई हुई थी। ज़्यादा मंझी हुई भी नहीं थी। एक्ट्रेस बनने का कभी ख्वाब ही नहीं था। उस दौरान बहुत सारे लोगों ने ढेरों सलाह दीं। मेरी समझ में नहीं आता था कि क्या करूं, तो मैं सबकी बात मान लेती थी। अगर वैसा नहीं करती तो शायद आज करियर बेहतर होता।

## नकली इंजेक्शन मामला : कोर्ट से अनुमति

# गुजरात के दो आरोपियों से पूछताछ करेगी जबलपुर पुलिस

**जबलपुर, यशभारत। नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन बनाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ तगड़ा केस तैयार हो इसके लिए जबलपुर पुलिस गुजरात के मोरबी थाना क्षेत्र से गायब हुए दो आरोपियों से पूछताछ करेगी इसकी अनुमति कोर्ट से पुलिस को मिल गई है। जबलपुर पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की प्रोटेक्शन रिमांड लेने के लिए गुजरात जाएगी जहां तय होगा कि दोनों आरोपियों को शहर लाना या फिर उनसे वहीं पूछताछ होगी।**

जानकारी के अनुसार जबलपुर पुलिस गुजरात पहुंचकर मोरबी थाना से नकली इंजेक्शन के मामले में गिरफ्तार हुए कोशल वोहरा और पुनित शाह से बारिकी से पूछताछ करेगी। इसके लिए पुलिस को कोर्ट से अनुमति प्राप्त हो गई है।

### सिटी अस्पताल में पूछताछ का सिलसिला जारी

इधर सिटी अस्पताल संचालक सरबजीत सिंह मोखा के जेल जाने के बाद एसआईटी ने सिटी अस्पताल जाकर बारिकी से जांच कर रही है। पुलिस यह पता करने में जुटी है कि अस्पताल में कौन-कौन मरीज भर्ती थे और अब उनकी स्थिति कैसी है। हर एक बिंदु की विस्तृत जांच कर पुलिस को केस को मजबूत बनाने में जुटी है। सिटी अस्पताल के हर एक स्टाफ से पुलिस सघन पूछताछ कर रही है।

### लगभग ठीक हो गए थे मौसा जी फिर अचानक मिली मौत की खबर

मैहर कटरा बाजार निवासी सुबोध राणा ने पुलिस को दिए अपने लिखित में आवेदन में आरोप लगाया है कि सिटी अस्पताल के स्टाफ और संचालक की लापरवाही के कारण कोरोना पॉजीटिव मौसा की मौत हुई है। पी?त परिजन ने बताया कि 2 5 अप्रैल को मौसा जी को अस्पताल में भर्ती कराया था। 26 अप्रैल को अस्पताल से फोन आया कि मरीज का बेड चेंज कर दिया गया है साथ ही ऑक्सीजन हटा दी गई वह लगभग ठीक हो गए हैं। परंतु अचानक एक दिन बाद मौसा जी की तबीयत खराब हुई और उनकी मौत हो गई। पीड़ित युवक ने आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग रखी है।

### अधिवक्ताओं ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

ओमती थाना पहुंचकर अधिवक्ताओं ने सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित केशवानी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता अधिवक्ता हिमांशु तिवारी, धीरज कुमार तिवारी ने बताया कि नकली इंजेक्शन की वजह से लोगों की जान गई है। सरबजीत सिंह मोखा पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो इसके लिए पुलिस को ज्ञापन दिया गया है।



"सिटी अस्पताल प्रबंधन और संचालक के खिलाफ अब तक 5 शिकायतें प्राप्त हुई है सभी की जांच हो रही है। अधिवक्ताओं ने भी एक ज्ञापन सौंपा उस पर भी जांच की जाएगी।

**रोहित केशवानी,**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

## गैलेक्सीमामले में अब तक एफआईआर क्यों नहीं

जबलपुर,यश भारत। उखरी मार्ग स्थित गैलेक्सी अस्पताल में आक्सीजन की कमी से हुई पांच मौतों के मामले में अब तक एफआईआर नहीं किये जाने पर सवाल खड़े होने लगे हैं। गैलेक्सी अस्पताल के संचालकों ने गंभीर अपराध किया था। वहां ऑक्सीजन न मिलने से कोरोना के पांच मरीजों की तड़पकर मौत हो गई थी। जांच कमेटी ने स्वयं पाया था कि अस्पताल में क्षमता से ज्यादा कोरोना मरीज भर्ती किए गए थे। क्षमता से करीब दो गुना मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलिंडर व रेमडेसिविर इंजेक्शन का इंतजाम गैलेक्सी अस्पताल प्रबंधन ने कहां से किया था इसकी जांच आवश्यक है। प्रशासन द्वारा गठित टीम ने जो रिपोर्ट जारी की है उससे साठगांठ की बू आ रही है। जानकारों ने बताया कि गैलेक्सी अस्पताल प्रबंधन पर मरीजों की गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। क्योंकि प्रबंधन ने अप्रशिक्षित कर्मचारियों की भर्ती की थी। कोरोना के तमाम मरीजों का उपचार दांत के डॉक्टर करते रहे। अब तक न जाने क्यों इस मामले में एफआईआर नहीं की गई। जबकि सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस मामले की जांच 24 घंटे में पूरी हो जाएगी और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी लेकिन करीब दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले की में अब तक एफआई आर नहीं हुई। यशभारत ने भी इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थी। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संज्ञान लेते हुए ट्विट के माध्यम से सरकार पर हमला बोला था।

**क्राइम ब्रांच की रेड**

# दमोह- कटनी , कुंडम के युवक बेच रहे थे रेमडेसिविर

## इनफिनिटी हार्ट इंस्टिट्यूट अस्पताल के पास इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार हुए तीन युवक

**जबलपुर, यशभारत। रेमडेसिविर इंजेक्शन में मुनाफा कमाने के लिए तीन युवकों ने अपना शहर छोड़ दिया और शहर चले गए इस गोरखधंधे को अंजाम देने। दमोह-कटनी और कुंडम क्षेत्र के तीन युवकों को क्राइम ब्रांच पुलिस रेमडेसिविर इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है।**

तीन युवकों लंबे समय से जरूरतमंदों को दोगुने दाम पर इंजेक्शन बेचने का कालाकोरोबार कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति इनफिनिटी हार्ट इंस्टिट्यूट अस्पताल के पास कोरोना महामारी में लगने वाला 1 रेमडिसिविर इंजैक्शन 12 हजार रूपयों में बेचने की बात कर रहे है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान में पर क्राईम ब्रांच एवं थाना ओमती की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गयी, इनफिनिटी हार्ट इंस्टिट्यूट के पास मुखबिर के बताये हुलिये के 3 व्यक्ति खड़े दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा एवं नाम पता पूछा तीनों ने अपने नाम नरेन्द्र ठाकुर पिता रामसिंह ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम किन्दराहो पथरिया जिला दमोह हाल निवासी आमनपुर मदनमहल, एवं राम अवतार पटेल पिता रामनरेश पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खिरवा खुर्द विजय राघवगढ, थाना कैमोर जिला कटनी हाल निवासी आगा चैक साई होटल के बाजू वाली गली लार्डगंज, तथा संदीप कुमार प्रजापति पिता कोमल प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी बघराजी कुण्डम हाथ निवासी कोठारी मेडिकल के पास कोतवाली बताया।

### जेब से रखे मिले इंजेक्शन 5 मोबाइल भी जप्त

पुलिस तलाशी लेते हुये नरेन्द्र सिंह ठाकुर की जेब में रखे हेटेरो कम्पनी के 2 रेमडेसिविर इंजैक्शन कीमती 6980 रुपए के तथा दूसरी जेब मे रखे वन प्लस, जीओनी तथा जियो कम्पनी के 3 मोबाईल, एक काले रंग के बैग में रखा स्टेथेस्कोप, 1 ऑक्सीमीटर, 2 फाईलें एवं रामअवतार पटेल से रियलमी कम्पनी का मोबाईल एवं संदीप कुमार से नोकिया कम्पनी का मोबाईल जप्त करते हुये नरेन्द्र सिंह ठाकुर, रामअवतार पटेल एवं संदीप पटेल द्वारा बिना वैद्य लायसेंस एवं दस्तावेज के रेमडेसिविर इंजैक्शन को मरोजों को विक्रय करते हुये जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुये लोगों के साथ धोखाधडी करते हुये जीवन रक्षक दवा रेमडेसिविर इंजैक्शन को उच्च दाम पर जरूरतमंद व्यक्तियों को बेचकर अवैध लाभ अर्जित करना पाया जाने पर तीनों के विरूद्ध धारा 188, 420, भादवि एवं 3 महामारी अधिनियम तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर तीनो को प्रकरण मे विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



# ईद मुबारक : कायम रहे अमन-चैन

**जबलपुर, यशभारत। ईदुल फितर में मुस्लिम धर्मालंबियों ने शहर-प्रदेश और देश के अमन-चैन की दुआ मांगी। मस्जिदों में सीमित संख्या में लोग पहुंचे, शहर की सूनी सड़कें, बच्चों की किलकारियों से खाली माहौल।**

अधिकतर लोगों ने घरों में नमाज अदा की, खैर की दुआएं मांगी और बिना गले मिले, बिना मुसाफा (हाथ मिलाना) किए, दूर से एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

### पहले जिंदगी को सुरक्षित कर लिया जाए- मुफ्ती-ए-आजम

मुफ्ती-ए-आजम मप्र मोलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दकी ने प्रदेश की जनता को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने सभी से अभी महामारी से बचाव, इसके लिए एहतियात, गाइडलाइन के पालन की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले जिंदगी को सुरक्षित कर लिया जाए, उत्सव, पर्व और त्योहार मनाने के बहुत मौके आते रहेंगे। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा भी ईदगाह पहुंचे और भाईचारे का संदेश दिया।

### कुछ लोग ही नमाज अदा करने पहुंचे

आम तौर पर अल सुबह ईदगाह की तरफ बढ़ने वाला हुजूम इस बार गायब था। रानीताल ईदगाह, गोहलपुर, सदर, सुब्बाशाह मैदान सहित शहर की अधिकतर मस्जिदों में इक्का-दुक्का लोग ही नमाज पढ़ने पहुंचे। मस्जिदों के इमाम मुअज्जिन और कमेटी के चुनिंदा पदाधिकारियों ने नमाज अदा कर रस्म अदायगी कर ली। पांच-पांच की संख्या में लोगों को अनुमति दी गई थी।

**फोटो- अशोक बर्मन**

# मां की पॉजिटिव खबर सुनते ही पुत्र पहुंचा जान देने



## अज्ञात ट्रेन से कटे दोनों पैर, हालत नाजुक मेडिकल में भर्ती

**जबलपुर ,यशभारत।** मां की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने की खबर सुनते ही पुत्र परेशान हो गया और उसने खुदकुशी करने के उद्देश्य से बीती रात रिछाई रेलवे फाटक के समीप अप लाइन में जाकर लेट गया । जिससे किसी ट्रेन से उसके दोनों पैर कट गए। किसी ने 108 एंबुलेंस को इसकी सूचना दी । 108 एंबुलेंस वाहन के पायलट प्रमोद दुबे एवं ,ईएमटी गौरव दुबे द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर निवासी 36 वर्षीय सुरेंद्र यादव की मां काफी दिनों से बीमार थी जिसका उसने कोरोना वायरस टेस्ट कराया हुआ था जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के कारण वह काफी टेंशन में रहने लगा था बीती रात उसने इसी टेंशन के चलते रिछाई रेलवे फाटक के समीप ट्रेन से खुदकुशी करने की कोशिश की । जिसमें ट्रेन उसके पैरों के ऊपर से गुजर गई उसे गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है संबंधित थाना पुलिस इस घटनाक्रम की पड़ताल करने में लगी हुई है।

# पिकअप में ऊपर भरे थे टमाटर नीचे रखी थी शराब






## पुलिस को पीछा करते देख वाहन छोड़कर भागा तस्कर ,1 लाख 95 हजार की शराब जप्त

**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना वायरस के कारण जहां चारों तरफ लॉकडाउन लगा हुआ है । वही शराब तस्करी करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं और पुलिस से बचने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बीती रात प्रकाश में आया है जहां भेड़ाघाट पुलिस ने गश्त के दौरान एक पिकअप वाहन का 3 किलोमीटर तक पीछा किया । जब वाहन चालक ने पुलिस को देखा तो उसने अपनी गाड़ी खड़ी कर फरार हो गया । पुलिस ने देखा कि वाहन पर ऊपर टमाटर रखे हुए हैं और नीचे शराब की पेटियां पुलिस द्वारा वाहन को थाने लाया गया जिसमें 1,95000 रुपए की शराब मिली । उक्त कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी आसिफ खान एएसआई डाल सिह. प्रधान आरक्षक शिव शंकर तिवारी एवं एफआरबी चालक सतीश कोरी एवं क्राइम ब्रांच टीम से धनंजय एवं विजय शुक्ला द्वारा की गई। देर रात हुई इस कार्रवाई के संबंध में भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि रात को 2:30 बजे गश्त करते हुए पुलिस त्रिपुरी मंदिर पहुंची हुई थी इसी दौरान मुखबिर खास है सूचना मिली की गोटेगांव की ओर से एक पिक अप वाहन में ऊपर टमाटर भरे हुए हैं और उसके नीचे गोवा शराब की पेट में रखी हुई है जबलपुर की ओर जा रही है । पुलिस तत्काल हरकत में आई और उसके द्वारा 3 किलोमीटर तक पिकअप वाहन का पीछा किया । जहां पर शराब तस्कर ने वाहन को ज्ञान गंगा स्कूल मार्ग के अंदर ले जाकर वहीं छोड़ा और भाग गया। पुलिस द्वारा वाहन मालिक एवं शराब तस्करों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

# ट्विटर में कलेटर की तारीफ

## जबलपुर की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर, यूजर कर रहे प्रशंसा



**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के कार्यों की प्रशंसा अब ट्विटर तक पहुंच गई है। ट्विटर यूजर जबलपुर में कोरोना संक्रमण को रोकने जो स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कलेक्टर ने बनाई थी उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। यूजर डॉ. कपिल शर्मा अपने ट्विटर एकाउंट में लिखा है कि वाकई जबलपुर में मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है. मैने देखा है यहां के डीएम कर्मवीर शर्मा न सिर्फ दिनरात मेहनत कर रहे हैं, बल्कि बारीकी से मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। जब लीडर सजग हो तो नतीजे भी अच्छेहोते हैं. बधाई । दूसरे यूजर रवीश रंजन शुक्ला ने लिखा है कि उप्र के बुंदेलखंड में चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं के चलते झांसी,बांदा, चित्रकूट,उरई के सैकड़ों कोरोना मरीजों का ईलाज मप्र में हो रहा है। मेरे करीबी मित्र की माता जी का जबलपुर ईलाज हो रहा है। जबलपुर के सरकारी अस्पताल की वो तारीफ करते नहीं थकते हैं।






# कलेटर ,एसपी ने ईद पर्व की व्यवस्थाओं का लिया

**कई चैकिंग प्वाईटों पर स्वयं रुककर आने-जाने वालों से की पूछताछ**

**जबलपुर।** आज प्रात: कलेक्टर जबलपुर कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुए ईद-उल-फितर पर लगायी गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये रानीताल चौक, दमोहनाका चौक , पेंटीनाका सदर आदि में चैकिंग प्वाईटों पर कुछ समय तक रूक कर आने जाने वाले लोगों से स्वयं पूछताछ की तथा बिना वजह घर से बाहर निकलने वालों के विरूद्ध चैकिंग प्वाईट पर उपस्थित अधिकारियों को कार्यवाही के सम्बंध में निर्देशित करते हुये लॉकडाउन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने हेतु आदेशित किया। द्वय अधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान पाया गया कि संस्कारधानी वासियों के द्वारा लाकडाउन का कडाई से पालन करते हुये पुलिस प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है, इस हेतु द्वय अधिकारियों ने संस्कारधानी वासियों का आभार व्यक्त करते हुये अपील की है कि फैल रहे कोरोना वायरस के संक्रमण एवं वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये सावधानी बरतने की विशेष आवश्यकता है, कोरोना के संकमण की चेन को ब्रेक करने हेतु हर व्यक्ति का यह विशेष दायित्व है कि कोरोना प्रोटाकॉल का सख्ती से पालन करते हुये जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें, बच्चों और बुजुर्गो को अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें, जब भी घर से बाहर निकलें मास्क अनिवार्य रूप से लगाये, फिजिकल डिस्टेंस दो गज की दूरी के नियम का कडाई से पालन करें, भीड का हिस्सा न बनें, समय समय पर हाथ को साबुन पानी से धोयें एवं सैनेटाईज करें, सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने जैसे लक्षण होने पर निकटतम फीवर क्लीनिक में जाकर जांच करायें।

# 3 कलेक्टर ने करवाया लाख का बिल माफ

**जबलपुर यशभारत।** मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप सभी आयुष्मान कार्ड परिवारों को कोरोना संक्रमण जैसे संकट पर इलाज सभी हॉस्पिटलों में निशुल्क हो, इस अभियान को सफल बनाने के लिए जबलपुर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा भीषण गर्मी के चलते धूप में हॉस्पिटल- हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों के परिवारों से मिल रहे है इसी तारतम्य मैं आज सेंट्रल किडनी हॉस्पिटल में एडमिट दमोह निवासी सौरभ साहू का परिवार जबलपुर कलेक्टर शर्मा से मिला और बताया कि हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है और तीन लाख का बिल मांग रहे है प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर को हॉस्पिटल जाकर जांच करने का आदेश दिया गया जांच उपरांत हॉस्पिटल प्रबंधक को आयुष्मान योजना के तहत 300000 का बिल माफ करते हुए मरीज को तत्काल डिस्चार्ज करने का आदेश दिया सौरभ साहू ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्रीमती प्रियंका अग्रहरि का निधन



**जबलपुर ।** अग्रहरि समाज के वरिष्ठ नागरिक, हाथी बिल्डिंग मिलौनीगंज, छोटा फुहारा निवासी सुरेश कुमार , अनिल कुमार चांवल फर्म के संचालक सुरेश कुमार कि सुपुत्री श्रीमती प्रियंका अग्रहरि पति सेवेन्द्र कुमार, का निधन हो गया है,आप स्व.राधेश्याम जी अधारताल जबलपुर कि पुत्र वधु थीं।


अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
होम डिलेवरी के लिए संपर्क करें- संजय 9827270030, 7225888831
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )